CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम: 08°C

मुरादाबाद, सोमवार 19 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 156 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में करीब चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी पेज 2



इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब खेल टाइम्स



कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ, अफवाह व दुष्प्रचार सम्पादकीय



ट्रम्प ने आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: तीन साल बाद गैंगरेप पीड़ित युवती की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। एक न्यूज चैनल के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था।

### धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है।

### घने कोहरे से उड़ानें बाधित, परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के मद्देनजर एयर इंडिया और इंडिगो सहित विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों में संभावित देरी और रुकावटों को लेकर यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयर इंडिया ने कहा कि सोमवार सुबह दिल्ली सहित कई क्षेत्रें में दृश्यता कम रहने के कारण उड़ानों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसने रुकावटों को कम करने के लिए पहले से ही कदम उठाए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि देरी, मार्ग परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में हवाई अड्डा पर मौजूद कर्मचारी सहायता प्रदान करेंगे। कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से चेतावनी मिलेंगी, जिसमें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान रीशेड्यूल करने या रद्द होने की स्थिति में बिना किसी जुर्माना के पूरी राशि पाने का विकल्प होगा।

## महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंसा

# शिंदे गुट ने ढाई साल तक बीएमसी मेयर पद मांगा

## 29 पार्षद होटल भेजे, भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू, बहुमत का आंकड़ा 114

**मुंबई।** बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं।

हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर

■ संजय राउत बोले: शिंदे खुद नहीं चाहते मुंबई में भाजपा का मेयर हो



'भगवान' चाहेंगे, तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है। मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट ने 29 वार्ड जीते हैं। बहुमत के आंकड़े 114 के लिए भाजपा को शिंदे गुट के 29 पार्षदों की जरूरत है। उद्धव के 'मराठी कार्ड' खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या सीमित रह गई। अब शिंदे गुट ने मेयर पद का दांव चला है। अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती, तो सत्ता के समीकरण बिगड़ सकते हैं। इसके चलते शिंदे ने तय किया है कि होटल में ही बैठक कर पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हॉर्स- ट्रेडिंग को रोकने के लिए यह सब किया जा रहा है। सभी 29 पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। यानी अगले 3 दिन वहीं रहना होगा। इससे पहले 2017 में नगर निगम चुनावों के बाद अविभाजित शिवसेना ने 7 मनसे कॉर्पोरेटर का दलबदल करवाया था। शिंदे गुट का पार्षदों को होटल में रखना, 2022 की उस बगावत की भी यादें ताजा कर रहा है, जिसके कारण शिवसेना टूट गई थी। दरअसल, मई 2022 महाराष्ट्र सरकार में नगर विकास मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 39 विधायकों के साथ बगावत कर दी थी।

### दिल्ली में सांसों पर 'आफत' AQI '493' पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहां एक्यूआई 493 दर्ज किया गया।

# भाजपा-एनडीए ने बिहार में जंगलराज रोका: पीएम मोदी

## कहा: अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार, घुसपैठ रोकने को फेंसिंग जरूरी

कोलकाता/गुवाहाटी, वार्ता

**पीएम नरेंद्र मोदी** ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। प. बंगाल में मोदी ने कहा कि टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो। टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा। जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। पीएम ने असम में कहा कि हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है, तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं। असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नार्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था। कांग्रेस की नीति है कि घुसपैठियों को बचाओ, उनकी मदद से सत्ता पाओ, बिहार में कांग्रेस ने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, बिहार ने इन्हें बाहर कर दिया, मुझे विश्वास है असम भी यही करेगा।





■ घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है: पीएम

■ प्रधानमंत्री ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया

■ अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर और कामाख्या- रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई

### टीएमसी जनता से दुश्मनी निकाल रही: मोदी

**कोलकाता।** बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। बंगाल की धरती ने देश की विरासत देश की आजादी के लिए जो दिशा दी, जो नेतृत्व दिया।

बीजेपी उस प्रेरणा को राष्ट्र के कोने-कोने तक ले जा रही है। भाजपा सरकार ही है जिसने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर इंडिया गेट के सामने नेताजी सुभाषबाबू जी की तस्वीर लगाई है। आजाद हिंदी फौज के त्याग को नमन किया गया। नेताजी के नाम पर अंडमान में द्वीप का नाम रखा गया। पहले 26 जनवरी के कार्यक्रम 24-25 को शुरू होकर 30 तारीख को पूरे होते थे। हमने अब इसे बदल दिया, अब 23 जनवरी सुभाष बाबू की जयंती से शुरू करके महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरा किया है।

# यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं।

अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी। यूपी के लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, अयोध्या समेत 50 ज्यादा जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक रह गई है। उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। बिहार के कई हिस्सों में सुबह और रात के वक्त घना कोहरा बरकरार है। मौसम विभाग ने रविवार को बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे ठंडा सबौर (भागलपुर) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब में रविवार सुबह घनी धुंध रही। इस वजह से बठिंडा के मौड़ मंडी में पीआरटीसी बस गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से टकरा गई।

■ उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी व पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ

# प्लेन में बम की सूचना पर इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली।

विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होने की पुष्टि होने के बाद शाम 4:40 बजे यात्रियों समेत डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था कि प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया।

■ विमान में 230 यात्री थे सवार

# लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक जेल में फर्श पर सो रहे

**नई दिल्ली।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमो ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

सोनम वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे। गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम वांगचुक की हिरासत के खिलाफ विरोध न होने से वह थोड़ी निराश हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए। आंगमो के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिए, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए। उन्होंने कहा कि यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए। जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। जिन पांच एफआईआर का हवाला दिया गया है, उनमें से तीन में वांगचुक का नाम नहीं है। जिन दो एफआईआर में नाम है, उनमें से एक अगस्त 2025 की है, जिसमें न तो नोटिस दिया गया और न पूछताछ हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला मजिस्ट्रेट का हिरासत आदेश पुलिस के प्रस्ताव की कॉपी-पेस्ट है। अधिकारी को अपना दिमाग लगाना चाहिए, सिर्फ कागजों की नकल नहीं करनी चाहिए। आंगमो ने कहा कि वे मामले को राजनीतिक नहीं बनाना चाहतीं। लेकिन उन्होंने कोर्ट में हो रही देरी पर चिंता जताई। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की ओर से तारीख पर तारीख ली जा रही है। गीतांजलि आंगमो ने बताया कि सोनम जेल के अपने अनुभव पर जो किताब लिख रहे हैं, उसका टाइटल शायद फॉरएवर पॉजिटिव होगा। अगर वह कुछ चींटियों और उनके व्यवहार को देखते हैं, तो वह मुझसे चींटियों के व्यवहार पर किताबें लाने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि चींटियों के समुदाय में बहुत एकता, बहुत टीम भावना होती है, तो शायद वह उसका अध्ययन करना चाहते हैं।



■ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि बोलीं: बैरक में टहलने तक की जगह नहीं, ■ सरकार जानती है, उनके केस में दम नहीं

# नोएडा में कार सहित दलदल में गिरा इंजीनियर, मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में घने कोहरे की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दलदल में गिरकर मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा कि पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। इसके बाद कार समेत नाले के पानी से भरे 30 फीट गहरे दलदल में समा गया।

इंजीनियर युवराज मेहता अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। रास्ते में एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले की दीवार तोड़ते हुए 30 फीट गहरे पानी से भरे दलदल में गड्ढे में गिर गई। युवराज की कार गड्ढे में गिरते ही दलदल में समाने लगी। युवराज किसी तरह कार से निकलकर उसके ऊपर चढ़ गए। पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। -शेष पृष्ठ दो पर

■ 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाता रहा

■ पिता को फोन कर कहा: मैं मरना नहीं चाहता

# मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज, वार्ता**

**■ भीड़ का आलम ये था 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया था**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा चुके थे। आज सुबह चार बजे से ही मौनी अमावस्या का स्नान शुरू हो गया था।

जैसे जैसे सूरज निकला उसी रफ्तार से श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी भीड़ का आलम ये था कि 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगो ने स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने भी अपनी योजना में बदलाव करते हुए दूसरे रास्ते से स्नान घाट तक पहुंचाया। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और खिली खिली धूप मे लोग स्नान करते रहें। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आज शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने वाले लोगो पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मौनी अमावस्या का स्नान सबसे बडा स्नान पर्व होता हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान था कि आज के दिन तीन से साढ़े तीन करोड़ लोग स्नान करेंगे लेकिन दो बजे तक ही तीन करोड़ लोगो नें स्नान कर लिया था। लिहाजा ये आकड़ा और बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार कल देर रात 12 बजे से ही घाट पर डटे रहें और खुद ही पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ एक जगह एकत्र न हो, शहर के अंदर भी पुलिस ने खास इंतजाम किए हैं। जानसेन गंज चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड घे बंद कर दिया गया था। बिजली घर से सिविल लाइन्स जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेटिंग की गई हैं। इसके अलावा सिविल लाइन्स रेलवे स्टेशन साइड पर पैदल ही श्रद्धालुओं घे जाने दिया जा रहा हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से ट्रैफिक प्लान तैयार किया हैं उससे काफी अच्छा असर पड़ा है। श्रद्धालु स्नान कर रहें हैं और शहर मे जाम भी नहीं लगा। मौनी अमावस्या का स्नान करने शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेशवारा नन्द महाराज अपने रथ पर सवार होकर भीड़ के बीच जा रहे थे। तभी पुलिस नें रथ की बजाए पैदल जाकर स्नान करने की अपील की जिस पर शांक. राचार्य के साथ चल रहे लोगों ने पुलिस से कहासुनी कर ली।

### प्रियंका ने दीं मौनी अमावस्या की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर देश भर के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीमती वाड्रा ने एक्स हैंडल पर साझा किए गए एक संदेश में कहा कि तपस्या, त्याग, ध्यान और दान को समर्पित मौनी अमावस्या के पवित्र त्योहार पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा देश के सभी नागरिकों का कल्याण करें।

# स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी: किशन रेड्डी

**हैदराबाद, वार्ता**



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में 'संडेज ऑन साइकिल' के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गति. विधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नागरिकों से तेल की खपत कम करने की भी अपील की है। रेड्डी ने बताया कि मानसिक तनाव कई बीमारियों के पीछे एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और रोजमर्रा की जिदगी में शारीरिक श्रम का बोझ कम होने से भी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। मंत्री ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत में युवाओं की आबादी बहुत अधिक है और अगर युवा स्वस्थ रहेंगे, तभी एक स्वस्थ भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक फिट और सक्षम पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा में बेहतर योगदान दे सकती है, जिससे विकास और प्रगति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवाओं की बुद्धि और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को आदत बनाने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों ने की 306 एकड़ में फैली अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर प्रशासन ने पिछले सप्ताह से जारी अभियान में 306 एकड़ भूमि में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांगपोकपी जिले के साइ. कुल थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर 12 से 17 जनवरी तक चलाए गए अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग 306 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इस अभियान के तहत खेतों में बनाई गई 43 अस्थाई झोपड़ियों के साथ-साथ स्प्रे पंप, पाइप, नमक, कीटनाशक और खरपतवारनाशक को भी नष्ट कर दिया गया। पूरे मणिपुर में गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिससे कई गिरफ्तारियां हुई हैं और अवैध अफीम की खेती के बड़े इलाकों को नष्ट किया गया है।

### तेजस राजधानी में बम की अफवाह से अफरा-तफरी

**चंदौली।** राजेंद्र नगर पटना से नई दिल्ली जा रही 12309 तेजस राजधानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना से शनिवार की रात यहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ट्रेन को दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) पर रोककर सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच अभियान चलाया। किसी तरह की विस्फोटक सामग्री बरामद ना होने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। तेजस राजधानी एक्सप्रेस शनिवार रात करीब 10:15 बजे पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची थी। इसी दौरान रेलवे बोर्ड को सूचना मिली कि ट्रेन में बम रखा गया है। अलर्ट मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ, जिला पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया।

# अवैध धर्मांतरण केस में एटीएस ने आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी**

**लखनऊ/नागपुर।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण से जुड़े बड़े मामले में यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस टीम ने एक दिन पूर्व शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से ईदुल इस्लाम नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के कथित अवैध धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। एटीएस के अनुसार आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ एटीएस थाने में दर्ज मुकदमे में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इसमें धारा 121ए (देश के खिलाफ साजिश), 153ए (सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना) सहित धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। इसके साथ ही आरोपी पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के तहत भी कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि ईदुल इस्लाम नागपुर में 'भारत प्रतिकार्थ सेवा संघ' नामक संगठन का संचालन कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि इसी मंच के जरिए अवैध धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। बताया गया है कि संगठन में ईदुल ने छांगुर उर्फ जलालुद्दीन को अवध प्रांत का अध्यक्ष भी नियुक्त किया था, ताकि उत्तर प्रदेश में नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। एटीएस जांच में यह भी सामने आया है कि ईदुल इस्लाम केवल संगठन से जुड़ा नाम भर नहीं था, बल्कि छांगुर के गिरोह का सक्रिय सदस्य था और सीधे तौर पर गतिविधियों में सहयोग कर रहा था। एजेंसी को

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन

# यूपी बनेगा देश का बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ कहा: प्रदेश अब मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा**

**■ राज्य सरकार उप्र दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इना. वेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिग का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ नहीं, बल्कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर करीब 35 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। सरकार का लक्ष्य है कि चिकित्सा सुविधा हर नागरिक तक, विशेषकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बीते पौने नौ वर्षों के बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दो एम्स, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, सीएचसी-पीएचसी नेटवर्क और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। यूपी में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल चुके हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। जिन परिवारों का छूट जाना संभव था, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुधारों का असर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों पर भी दिखा है। साथ ही, एक समय प्रदेश में कहर बन चुकी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर निर्णायक रणनीति अपनाकर नियंत्रण पाया गया है। टेक्नोलॉजी के उपयोग पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि अब लक्ष्य है कि स्क्रीनिंग और प्राथमिक जांच गांव स्तर पर ही हो जाए, जिससे मरीजों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन और एआई आधारित स्क्रीनिग को राज्य में बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाएगा। योगी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क तथा ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### सीएम ने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में उन्होंने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण और क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े एसओपीयस प्रकाशन का विमोचन किया। उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यूपी में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित माहौल और सिगल विडो व्यवस्था उपलब्ध है, सरकार समयबद्ध स्वीकृतियों के साथ हर स्तर पर सहयोग देगी। वहीं गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से राज्य सरकार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह त्रिदिवसीय आयोजन राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।



**सेंसेक्स 83570.35**
**निफ्टी 25694.35**



**सोना रु. 142601**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु. 287550**
प्रति किलो



# कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार को मिलेगी दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों के सपाट रहने के बाद आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार की दिशा तय होगी। आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणामों से इस सेक्टर में तेजी बनी हुई है, जो आने वाले सप्ताह में जारी रहने की संभावना है।

अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। संसद में 01 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। पिछले सप्ताह बृहन्न मुंबई नगर निगम चुनाव को कारण गुरुवार को बाजार में अवकाश रहा था। सोमवार और शुक्रवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का संसेक्स 5.89 अंक की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.05 अंक की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 25,694.35 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के लिए बीता सप्ताह अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक भी 0.46 अंक ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 19 के शेयर पिछले सप्ताह टूट गए, जबकि अन्य 11 में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 4.24 फीसदी लुढ़का। मारुति सुजुकी में 3.91 प्रतिशत, सन फार्मा में 3.51, एशियन पेंट्स में 2.39, आईटीसी में 2.33, इंडिगो में 2.19 और बीईएल में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.67, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.20, बजाज फाइनेंस का 1.05 और अडानी पोर्ट्स का 0.99 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 5.65 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर भी 5.50 प्रतिशत, इंफोसिस 4.62, भारतीय स्टेट बैंक 4.23, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.52 और एनटीपीसी 3.04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 2.20 फीसदी, एक्सिस बैंक के 1.78 और इटरनल के 1.11 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहे।

## एफपीआई ने जनवरी में निकाले 19,940 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 19,940 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। शुद्ध बिकवाली का मतलब है कि उन्होंने बाजार में जितना पैसा लगाया है, उससे अधिक निकाले हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इक्विटी में 22,530 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। वहीं डेट, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। डेट में उनका शुद्ध निवेश 2,150 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 392 करोड़ रुपये पर रहा। हाइब्रिड में उन्होंने अबतक 52-58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले, साल 2025 में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 83,972 करोड़ रुपये निकाले थे। इक्विटी में उनकी शुद्ध निकासी 1,60,103 करोड़ रुपये थी।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक तेजी, चीनी नरम, दालों, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही।

चीनी की कीमतों में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 39 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,795 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 13 रुपये मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 2,867 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 186 रुपये और सरसों तेल की 103 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 34 रुपये और वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 67 रुपये और सोया तेल की 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 35 रुपये और उड़द दाल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत चार रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069.98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608.86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## 'भारतीय भाषा परिवार : सांस्कृतिक विरासत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी, श्याम लाल कॉलेज द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर 16-17 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक दृष्टि ने इस आयोजन को स्पष्ट दिशा प्रदान की तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं भाषाई विरासत के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर, उन्हें भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सभ्यतागत विरासत के संवाहक के रूप में समझना था। सम्मेलन के शैक्षणिक एवं वैचारिक संचालन में सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. कुशा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में सम्मेलन की विषयवस्तु और सत्र संरचना को अकादमिक दृष्टि से समग्र एवं अंतर्विषयक स्वरूप प्राप्त हुआ। दो दिनों के दौरान उद्घाटन सत्र, थीम आधारित सत्र, प्लेनरी सत्र, राउंड टेबल चर्चा, पैनल चर्चा तथा तकनीकी सत्रों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के विविध पक्षों पर व्यापक विमर्श किया गया। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. चंद किरण सलूजा रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, विशिष्ट वक्ता प्रो. पवन कुमार शर्मा (भारतीय भाषा समिति) तथा विशिष्ट अतिथि डा. मंथा श्रीनिवासु (संयुक्त सचिव, यूजीसी) उपस्थित रहे।

**प्रथम पृष्ठ के शेष...**

**नोएडा में...** डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह भी फोर्स के साथ वहां आए। दमकल कर्मी भी छोटी-बड़ी क्रेन के साथ पहुंचे। युवराज से कुछ ही मीटर दूर पिता और तमाम फोर्स थी, लेकिन कोहरे की वजह से वह एक-दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। वह मोबाइल का टार्च जलाकर चिल्लाता रहा- पापा मुझे बचा लो, मेरी कार डूब रही है। कुछ ही समय में उसकी आवाज आनी बंद हो गई। करीब ढाई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। घटना शुक्रवार देर रात की है।

## गरुड़ कमांडोज के लिए मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की विशेष बल इकाई 'गरुड़' के जवानों के प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपलक्ष्य में रविवार को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चंडी नगर में मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा एयर स्टाफ ऑपरेशंस (एयर डिफेंस) के सहायक प्रमुख ने की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस अवसर पर गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर के कमांडेंट ने प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 'गरुड़' जवानों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप विशेष बलों के लिए कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सेज टैब प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफियां भी सौंपी गईं। पासिग आउट समारोह के दौरान गरुड़ कमांडोज ने कॉम्बैट फायरिग, बंधक बचाव अभियान, फायरिग ड्रिल, असॉल्ट एक्सप्लोसिव्स, बाधा पार, दीवार चढ़ाई, स्लिथरिग, रैपलिग तथा सैन्य मार्शल आर्ट्स जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़' बल के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल परिणति और प्रशिक्षुओं के 'युवा विशेष बल ऑपरेटर' के रूप में रूपांतरण को दर्शाता है।

# रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण और सुरक्षा क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

**■ वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा, 7,500 ट्रैकों का नवीनीकरण जारी**

देश में पिछले एक साल में रेलवे ट्रैकों के नवीनीकरण की दिशा में काफी तेज गति से काम हुआ है, जिसके कारण रेल सुरक्षा मजबूत हुई है। रेलवे की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा हुआ है और मौजूदा समय में 7,500 ट्रैकों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, जिसके वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा होने का अनुमान है।

इसके अलावा, 2026-27 के लिए 7,900 किमी ट्रैक का नवीनीकरण करने की योजना है। रेलवे ने बताया है कि 2024-25 में, 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (सीएमएस) क्रॉसिंग लगाए गए। वहीं 2025-26 में, 8,000 से ज्यादा थिक वेब स्विच और 3,000 से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए जाने की योजना है। रेलवे ने बताया कि ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और राइड क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बैलास्ट की मशीनीकृत डीप स्क्रीनिंग लगातार की गई है। रेलवे के मुताबिक 2024-25 के दौरान, 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिग पूरी की गई, जबकि 2025-26 में 7,500 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिग किए जाएंगे। मशीनीकृत रखरखाव में मदद करने और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने अपने ट्रैक मशीन बेड़े का काफी विस्तार किया है। वर्ष 2014 से अब तक 1,100 से ज्यादा ट्रैक मशीनें खरीदी गई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का रखरखाव तेजी से और ज्यादा कुशलता से हो रहा है। रेलवे ने बताया है कि पशुओं के ट्रेन की चपेट में आने और अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम करने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे सेफ्टी फेंसिग को प्राथमिकता पर लिया गया है, जिससे कुल मिलाकर सुरक्षा बढ़ी है। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर की फेंसिंग लगाई गई है, जिससे उन सेक्शनों पर सुरक्षा में सुधार हुआ है, जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलती हैं। रेलवे ने कहा है कि वर्ष 2014 में 110 किमी प्रति घंटे और उससे ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के योग पटरियों की लंबाई 31,445 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, जो अब बढ़कर 84,244 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 80 प्रतिशत) हो गई।

# संपादक व प्रधान पति साजिद को जेल भेजे जाने से गुस्सा

## किसी को नहीं हो रहा घटना पर विश्वास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस के द्वारा प्रधानपति व बिजनौर से प्रकाशित हिंदी दैनिक के संपादक साजिद को किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के मामले में मीडियाकर्मियों में गुस्सा देखा जा रहा है। मीडियाकर्मियों का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए थी और सच्चाई का पता लगाने के बाद कार्यवाही होनी चाहिए थी। इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला भी बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि थाना मंडावर में 17 जनवरी को वादिनी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त साजिद निवासी ग्राम सैफपुर खादर, थाना मंडावर ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 15/2026 धारा 75 (1) बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। ग्राम मिर्जापुर निवासी महिला के द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया था कि उसकी पुत्री (17 वर्ष) को साजिद मिर्जापुर बस स्टैण्ड से अपने साथ बिजनौर में छोड़ने के लिए कार में बैठा कर ले गए थे। रास्ते में उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की गई। पुत्री ने वारदात के संबंध में घर वापस आकर बताया था। पुलिस ने इस मामले में साजिद पुत्र जफर निवासी ग्राम सैफपुर खादर को कार संख्या यूपी 20 बीवाई 6041 के साथ गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। बताया जाता है कि क्षेत्र में चुनावी रंजिश चल रही है। साजिद बिजनौर से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक भी है। साथ ही वह प्रधानपति भी है। वह क्षेत्र में काफी जिम्मेदार व्यक्ति माने जाते है। मीडियाकर्मियों का कहना है कि इस मामले में सभी तथ्यों को ध्यान में रख कर निष्पक्षता के साथ जांच की जानी चाहिए थी। संपादक साजिद की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही मीडियाकर्मियों में गुस्सा देखा जा रहा है। मीडियाकर्मियों का मानना है कि इस तरह के मामलों में पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) के अन्तर्गत विशेष अभियान 18.01. 2026 को जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-17-नजीबाबाद, 18-नगीना (अ.जा.), 19-बढ़ापुर, 20-धामपुर, 21-नहटौर (अ.जा.), 22-बिजनौर, 23-चांदपुर, 24-नूरपुर के प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (BLO) द्वारा प्रात: 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक उपस्थित रहकर बैठक का आयोजन करते हुए मतदाताओं की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची एवं एएसडीडी (अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट) सूची को पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान प्रत्येक मतदेय स्थल पर आलेख्य मतदाता सूची (Draft Electoral



Roll) के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में फॉर्म-6, 6ए, 7, फॉर्म-8 एवं घोषणा पत्र (Declaration Form) की उपलब्धता सुनिश्चित की गई तथा जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में अर्ह नागरिकों द्वारा 27.01.2025 से 05.01.2026 तक फार्म-6 के 37925, फार्म-6क के 52, फार्म-7 के 1933, फार्म-8 के 19411 एवं विशेष अभियान 18.01.2026 को फार्म-6 के 2598, फार्म-6क के 2, फार्म-7 के 61, फार्म-8 के 757, दावे और आपत्तियों से संबंधित भरे हुए फार्म प्राप्त किये गये। मतदाताओं की सुविधा एवं कार्यों की निगरानी हेतु बीएलओ सुपरवाईजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (AERO) तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ERO) द्वारा भी अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों का भ्रमण किया गया।

उक्त के साथ ही जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी (DEO) द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 22-बिजनौर के 244-आर्य वैदिक कन्या इण्टर कालेज बिजनौर, 310-प्रा.वि. लूईसली पारकर बिजनौर एवं 182-प्रा.वि. नई बस्ती काशीराम आवास कालोनी बिजनौर का निरीक्षण किया गया एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (DyDEO) द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-नगीना (अ.जा.) के 223-दयानन्द इण्टर कॉलेज कोतवाली, 227-जनता इण्टर कॉलेज कोतवाली तथा विधानसभा क्षेत्र 19-बढ़ापुर के 333-संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन एवं 330-प्रा.वि. सलावतपुर गिरधर इत्यादि मतदेय स्थलों पर भ्रमणशील रहकर संपूर्ण प्रक्रिया का स्वयं पर्यवेक्षण किया गया। इस पहल का उद्देश्य निर्वाचक नामावलियों को अद्यतन करना तथा सभी अर्ह नागरिकों को मतदाता सूची से संबंधित सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना एवं उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करना है।

# पीएम आवास योजना की पहली किस्त मिली

## पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार ने लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश के दो लाख लाभार्थियों को प्रथम किस्त की धनराशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में धामपुर नगर पालिका क्षेत्र के 129 पात्र लाभार्थियों को भी योजना की पहली किस्त प्राप्त हुई।

कार्यक्रम के तहत मधु, मुन्नी, प्रियंका, फरहाना, अमलेश देवी, अख्तरी, फरहा नाज सहित कुल 129 लाभार्थियों के खातों में आवास निर्माण के लिए निर्धारित प्रथम किस्त की राशि पहुंची। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। नगर पालिका की ओर से यह कार्यक्रम शिवाजी पार्क स्थित पुस्तकालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने की।



कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वार्ड सभासद मनोज गोयल, मुकुल सैनी, वसीम अकरम, सोमपाल सैनी, इमरान, जावेद अली, प्रभात गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं पालिका स्टाफ की ओर से सफाई निरीक्षक विकास लोहारा, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, पवन कुमार, किरण चौधरी, विशाखा चौधरी, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, तरुण कुमार, शिवम गोस्वामी सहित अन्य कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। योजना से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा।

## एक नजर

### मंडावर में पुष्पा गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मंडावर में ग्राम रामजीवाला निवासी नकुल पुत्र लाखन सिंह ने 11 नवम्बर को तहरीर दी थी कि राजू पुत्र तिलकराम, उसकी पत्नी पुष्पा, पुत्री छोटी व पुत्र प्रियांशु ने वादी व उसके चाचा प्रभु सिंह के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौच की। जिसमें वादी के चाचा गंभीर चोट लगने की वजह से बेहोश हो गए। अभियुक्तगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने प्रियांशु को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल फावड़ा बरामद कर लिया था। पुलिस ने आज पुष्पा को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### नूरपुर में रोहित चौहान गिरफ्तार



**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने ग्राम मझरा लाकड़ी, थाना मंझौला, जनपद मुरादाबाद निवासी रोहित चौहान पुत्र रामजस सिंह को गिरफ्तार किया है। वादी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 14/2026 धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस के द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान किशोरी को बरामद कर बलात्कार की धारा 65 (1) बीएनएस एवं 3/4 (2) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की थी।

### उस्मान अलवी ने बनवाए वोट



**चांदपुर।** आज बूथ विशेष अभियान के अंतर्गत गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में सभी बीएलओ के साथ मिलकर समाजसेवी व सपा नेता मौहम्मद उस्मान अलवी ने नए वोट बनवाने का कार्य किया। एसडीएम नितिन तेवतिया ने भी गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के सभी सात बूथों का निरीक्षण किया और बीएलओ से कहा कि कोई फॉर्म भरने में या किसी भी तरीके की परेशानी आती है, तो उसका समाधान कराया जाए।

## अधिकारियों ने ड्राफ्ट मतदाता सूची पढ़कर सुनाई

**नांगल सोती।** प्राथमिक विद्यालय कामराजपुर में बूथ संख्या 68, 69 और 70 पर ड्राफ्ट मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। यह शिविर आज सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा मतदान केंद्रों पर आयोजित किया गया। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी बूथों पर उपस्थित रहे।

शिविर में उन मतदाताओं के नाम भी पढ़कर सुनाए गए, जो ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए थे। इनमें वे नाम शामिल थे, जो मृतक, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि या गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर न होने के कारण सूची से हटा दिए गए थे। जिन मतदाताओं का नाम सूची में नहीं था, उन्होंने घोषणा पत्र के साथ फॉर्म छह भरकर जमा किए। मतदाता सूची में त्रुटि सुधारने के लिए फॉर्म 8 और नाम हटाने के लिए फॉर्म सात भरे गए। उपस्थित बीएलओ ने बताया कि ग्राम पंचायत कामराजपुर के मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 68, 69 और 70 हैं।

## संघर्ष से सियासत तक

# मौहम्मद ऐजाज बने ईमानदारी और मेहनत की नई राजनीतिक पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** राजनीति में अक्सर वंशवाद, धनबल और सिफारिशों की चर्चा होती है, लेकिन जब कोई आम इंसान संघर्ष और ईमानदारी के बल पर अपनी पहचान बनाता है, तो वह राजनीति की परिभाषा बदल देता है। किरतपुर के मौहल्ला राधगान निवासी मौहम्मद ऐजाज आज ऐसे ही व्यक्तित्व के रूप में उभरकर सामने आए हैं, जिनकी जीवन यात्रा अब सामाजिक के साथ-साथ सियासी गलियारों में भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

एक विशेष बातचीत में मौहम्मद ऐजाज ने बताया कि उनका बचपन अत्यंत गरीबी और अभावों में बीता। मूलभूत सुविधाओं के अभाव ने उन्हें शुरू से ही आम जनता की समस्याओं से जोड़ दिया। यही वजह रही कि उन्होंने शुरू से ही समाज के कमजोर तबके की पीड़ा को करीब



से महसूस किया और जनसेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर आवाज उठानी शुरू की, तो कई बार निराशा और विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी सच्चाई, खुद्दारी और ईमानदारी के रास्ते से समझौता नहीं किया। आम लोगों का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना।

आज मौहम्मद ऐजाज एक ऐसे नाम के रूप में उभर रहे हैं, जिन्हें लोग जमीन से जुड़ा हुआ और आम जनता की समस्याओं को समझने वाला व्यक्ति मानते हैं। स्थानीय स्तर पर युवाओं और कमजोर वर्गों में उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, जिससे सियासी हलकों में भी हलचल देखी जा रही है।

युवाओं को संदेश देते हुए मौहम्मद ऐजाज ने कहा कि राजनीति का असली मकसद सत्ता नहीं, बल्कि सेवा होना चाहिए। अगर राजनीति ईमानदारी और सब्र के साथ की जाए, तो व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव संभव है। मौहम्मद ऐजाज की यह यात्रा उन लोगों के लिए एक संकेत है, जो मानते हैं कि आम आदमी की राजनीति में कोई जगह नहीं होती। उनका संघर्ष यह साबित करता है कि जमीन से जुड़ा नेतृत्व ही भविष्य की राजनीति की दिशा तय करता है।

# सड़क जागरूकता दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव कूकड़ा इस्लामपुर के समग्र विद्यालय में आरएचएस इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय शि. विर के छठवें दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में थाना हल्दौर के उप निरीक्षक संदीप कुमार मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने की।

उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने लोगों को वाहन चलाते समय सड़क यातायात नियम के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर ग्रामीणों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों की जानक. ारी दी। स्वयंसेवकों ने बताया कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, सड़क पार करते समय दाएं-बाएं देखकर चलें, रात्रि में वाहन चलाते समय लाइट व रिफ्लेक्टर का उपयोग करें तथा पैदल यात्री सड़क के किनारे चलने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करती है और अधिकतर हादसे तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग और सुरक्षा उपायों की अनदेखी से होते हैं। कॉलेज प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने विद्यार्थियों से अनुशासित, जिम्मेदार और कानून का पालन करने वाला नागरिक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, 'नशे में गाड़ी, मौत की सवारी, हेलमेट है तो जीवन है जैसे नारे लगाए। रैली के दौरान शकील अहमद एवं अवनीश कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

# अनुसूचित जाति विभाग की समीक्षा बैठक

## आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस मुख्यालय में जिला अनुसूचित जाति विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक श्रीमती ओमवती देवी पूर्व सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संच. ालन हरिराज सिंह केसरी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस समिति ने कुशलतापूर्वक किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप सरोहा राष्ट्रीय प्रभारी अनुसूचित जाति विभाग भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथि के रूप में सतपाल सिंह जिला प्रभारी तथा गंगाराम कठेलिया उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से बैठक को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महान दूरदर्शिता को याद करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान के माध्यम से अनुसूचित जातियों के लिए शिक्षा, समानता, आरक्षण और सामाजिक




न्याय की मजबूत नींव रखी। बाबा साहब का सपना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान और अवसरों से वंचित न रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद से ही इस विजन को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। बैठक में जिला स्तर पर अनुसूचित जाति विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी प्रतिभागियों ने एकमत से संकल्प लिया कि बाबा साहब अम्बेडकर के सामाजिक समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति समाज के सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध रहेगी। बैठक में आर.के. सिंह पूर्व आईएएस, मास्टर रामपाल सिंह जिला अध्यक्ष एससी विभाग, गुलशन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, अनिल त्यागी, विनोद तोमर, काजी आतिफ, विश्वमोहन, सुकेश कुमार, राम रतन, रतिराम, मिथुन कुमार, दीपक कुमार, दिलेराम, विजयपाल, सचिन कुमार, अमित कुमार, सचिन, मंगल सिंह, महेश कुमार, राम सिंह, शीशराम, लक्ष्मी चंद, नफीस अहमद, महेंद्र सिंह, राकेश कुमार, रतिराम अजनबी, ओमप्रकाश, अर्जुन सिंह, मलखान सिंह, घासीराम, धर्मवीर, शीशराम, शुनाथ सिंह, विकुल, अंकित, गजेंद्र, नीरज, कपिल, जगराम, अश्वनी, भूदेव, सुरेश, मुनीम, आबिद, अविनाश, सोनू, विकास त्यागी उपस्थित थे।

## एक नजर

### संत शिरोमणि की मूर्ति की स्थापना



**नहटौर।** क्षेत्र के गांव अखेड़ा में नवनिर्मित संत शिरोमणि रविदास जी के मंदिर में उनकी मूर्ति की स्थापना की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। मूर्ति स्थापना के कार्यक्रम में महिलाओ, पुरूषों व बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर कमेटी की ओर से मुकेश कुमार, इंदर सिंह, बृजेश कुमार, विरेन्द्र कुमार, रविंद्र कुमार, ग्राम प्रधान शिवानी के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 122 लाभार्थियों को मिले प्रशस्ति पत्र



**नहटौर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों को अनुदान राशि का अंतरण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 से प्रथम किस्त देकर लाभान्वित किया गया। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद नहटौर के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निकाय क्षेत्रान्तर्गत 122 पात्र लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों के आवास नहीं थे, उन्हें आवास देने का काम किया गया है। सरकार की इस जन कल्याणकारी योजना से लोगों को लाभ मिल रहा है। नगर पालिका नहटौर की ओर से भी बेहतर कार्य कराए जा रहे हैं। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरि , ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी , किसान मोर्चा महामंत्री शोभित त्यागी, सभासद शराफत अहमद, संजय कुमार अमन कुमार एवं पालिका समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पेड़ पर मिला सांप किया रेस्क्यू

**नहटौर।** गांव बसावनपुर निवासी नरेश कुमार के घर में एक पेड़ के पास से सीटी जैसी आवाज सुनाई देने पर परिवार के लोगों ने जाकर देखा तो पेड़ पर एक सर्प बैठा हुआ था। सूचना पर सर्प मित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसका रेस्क्यू किया। सर्प मित्र बी भास्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक रसैल वाइपर प्रजाति का सर्प था। इसे हिंदी में चींटी सर्प भी कहा जाता है। यह जहरीले प्रजाति का सर्प है। यह सीटी जैसी आवाज निकालता है। सर्प का रेस्क्यू होने के बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्पमित्र की टीम ने सर्प को रेस्क्यू करने के बाद सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।



# मानवीय संवेदना भी खो चुकी है भाजपा सरकार : बी.के. कश्यप



## सोनू कश्यप की रस्म पगड़ी भी होने से रोकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सोनू कश्यप को जिंदा जलाए जाने को लेकर कश्यप समाज में भारी रोष व्याप्त हो गया था। लोगों ने कमिश्नरी मेरठ में अपनी आवाज उठानी चाही, जिसे भाजपा सरकार ने दबाने का कार्य किया।

कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.के. कश्यप एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार निरंकुश हो चुकी है। 18 जनवरी को सोनू की रस्म पगड़ी (तेहरवी) दौराला के एक मण्डप में होनी निश्चित हुई थी, पर प्रशासन ने अनुमति नहीं देने के नाम पर उसे रोक दिया। हमारे लोगों को डराया गया व धमकाया गया। हिन्दू हिन्दू का नाम जपने वाली ये सरकार प्रभु राम के मित्र रहे हमारे महाराजा निषाद राज के वंशजों को हिन्दू संस्कृति में रस्म पगड़ी भी नहीं होने दे रहीं हैं। भाजपा सरकार सारी संवेदनाएं खो चुकी है, पर वीरांगना फूलन देवी, दशरथ मांझी, महर्षि कश्यप जी के वंशज ये अन्याय और अत्याचार अब सहन नहीं करेगें। हमारा समाज सरकार बना सकता है तो सरकार बनाने से रोक भी सकता है।

श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा लगातार हमारे समाज की उपेक्षा कर रहीं हैं। पहले हमारे इतिहास को मिटाने के उद्देश्य से महर्षि कश्यप निषाद राज की जयन्ती पर होने वाले अवकाश को रद्द किया, फिर हमारा आरक्षण रोका पर अब समाज जाग चुका है। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर संघर्ष करेगा, जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, जब तक न्याय नहीं तब तक आराम नहीं। समाज के लोगों ने सोनू कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राहुल कश्यप, मोनू कश्यप, कोमल कश्यप, रंजीत कश्यप, कपिल कश्यप, संदीप कश्यप, संजीव कश्यप, डॉ. पंकज कश्यप, मा.पवन जी, नीरज कश्यप, अरुण कश्यप, ओम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

सभी ने सरकार से सोनू कश्यप के परिजनों को 50 लाख मुआवजा, एक सरकारी नौकरी और हत्या में शामिल सभी लोगों को संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फांसी की मांग की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दो चोरी के मामलों का खुलासा

## दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी व घरेलू सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी, घरेलू सामान, गैस सिलेंडर, बैटरियां और चांदी के बर्तन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 17 जनवरी को मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी रुखसार पत्नी फहीम अहमद ने स्योहारा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनके घर से गैस सिलेंडर, बैटरियां, पीतल व सफेद धातु के जेवर, नकदी और घरेलू बर्तन चुरा लिए थे। उसी दिन ग्राम कुरी बांगड़ निवासी चांद बाबू ने भी अपने कोल्हू से इन्वर्टर और बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट लिखवाई थी। इन दोनों मामलों में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे।



जांच के दौरान, स्योहारा पुलिस ने फरमान पुत्र अशरफ और शानू उर्फ शहनवाज पुत्र अकरम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पैसों की तंगी और नशे की लत के कारण बंद पड़े मकानों को निशाना बनाया था। पुलिस ने बताया कि चोरी का अधिकांश सामान बेचने से पहले ही बरामद कर लिया गया, हालांकि कुछ नकदी खर्च हो चुकी थी।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने गैस सिलेंडर, चांदी के बर्तन, बैटरियां और नकदी सहित अन्य चोरी का सामान बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# झालू उपकेंद्र में 25 यूकेलिप्टिस वृक्षों के पातन को मिली विधिवत अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र झालू परिसर में स्थित 25 यूकेलिप्टस वृक्षों के पातन के लिए वन विभाग द्वारा विधिवत अनुज्ञा-पत्र जारी कर दिया गया है। यह अनुमति उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम-1976 की धारा 5(4) के अंतर्गत, सभी औपचारिकताओं, मूल्यांकन एवं नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रदान की गई है।

प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर द्वारा जारी आदेश के अनुसार उपकेंद्र परिसर में खड़े 25 यूकेलिप्टस वृक्षों का मूल्यांकन कर नीलामी की गई। नीलामी में सफल प्रशान्त कुमार निवासी चान्दा नगली, तहसील व जिला बिजनौर को नियमानुसार पातन की अनुमति दी गई है। शर्तों के अनुसार 25 वृक्षों के स्थान पर 250 नए वृक्ष लगाए जाने हेतु 25,000 की



धनराशि जमा कराई गई है, साथ ही पातन एवं प्रशासनिक शुल्क भी जमा किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद ने बताया कि सभी विभागीय एवं वन विभागीय अनुमतियां पूर्ण करने के बाद ही वृक्षों का पातन कराया गया है। वृक्ष हटने से अब विद्युत लाइनों में आ रही बार-बार की बाधा समाप्त होगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

## एक नजर

### रसल वाइपर प्रजाति का सांप रेस्क्यू



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब दयानन्द जनता इंटर कॉलेज के सामने खाली पड़े एक प्लाट में रखे उपलों के ढेर में काफी बड़ा और जहरीला सांप निकल आया। इस सांप को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए, जिसके बाद आनन फानन में वन विभाग के चांदपुर रेंजर दुष्यंत सिंह को सूचना दी गई। मौके पर वन विभाग की ओर से पहुंचे अनीस खान ने अपनी टीम के साथ रसल वाइपर प्रजाति के इस जहरीले सांप का सफल रेस्क्यू किया। सांप के रेस्क्यू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। उधर वन विभाग की टीम भी सांप को जंगल में छोड़ने के उद्देश्य से अपने साथ ले गई। वहीं वनकर्मी अनीस खान ने बताया कि यह रसल वाइपर प्रजाति का सांप है जो बहुत जहरीला होता है और इसमें टॉक्सिन पाया जाता है। यह देखने में बिल्कुल अजगर जैसे दिखाई देता है।

### डीएफओ कार्यालय पर धरना जारी



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना डीएफओ कार्यालय पर 20वें दिन भी जारी रहा। यह प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में चल रहा है। किसानों का आरोप है कि वन विभाग का नोटिफिकेशन त्रुटिपूर्ण है। जिसके कारण उन्हें अपनी कृषि भूमि नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि वन विभाग कृषि भूमि पर कब्जा कर रहा है और किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, जिन्हें वापस लेने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 21 जनवरी को जिले की मासिक पंचायत भी धरना स्थल, वन विभाग कार्यालय नजीबाबाद पर ही आयोजित की जाएगी। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान दिन-रात धरने पर डटे हुए हैं। आज के धरने में मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, सोनू गिरिराज, सत्यपाल सिंह, अर्जेंद्र सिंह, पप्पू, जाहिद, शकील, विनीत, रोहित, युसूफ, रजत, अजीत, बिजेंद्र, बलराम सिंह, अनिल चौहान, नीतू, पवन, मोनू, सुभाष, हुकम और संदीप सहित कई किसान मौजूद रहे।

### रईस अहमद कर रहे बीएलओ की मदद



**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा वार्ड 15 से सभासदपति शेख रईस अहमद जिला सचिव समाजवादी पार्टी ने प्राथमिक विद्यालय में वार्ड में छुटे वोट बनवाये और गलत नाम ठीक कराये। शेख रईस अहमद ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ आज बारात घर के सामने स्कूल में पहुंचकर अपने चारों बूथ संख्या 155, 156, 157, 158 पर पहुंचकर सभी बीएलओ के साथ फॉर्म नंबर 6, फॉर्म नंबर 8 और न्यू वोट भी बनवाने का कार्य किया। इस मौके पर सभी बीएलओ मौजूद रहे, जिन्होंने न्यू फॉर्म भरकर जमा किए। शेख रईस के द्वारा घर-घर जाकर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण कराने में उनकी सराहना की जा रही है।

### गुलदारों की दहशत बरकरार



**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में गुलदारों का आतंक लगातार बना हुआ है। आएदिन हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। गुलदारों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग द्वारा उन्हें पकड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाए जा रहे हैं, लेकिन अब तक एक भी गुलदार पकड़ में नहीं आ सका है। कुछ दिन पूर्व ग्राम मौहम्मद अलीपुर चौहड़ में गुलदार ने करीब पौना दर्जन बकरियों को मौत के घाट उतार दिया था। वहीं, ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला में भिक्कावाला में गुलदार के हमले में एक महिला घायल हो गई थी। इसके अलावा रविवार को बनियावाला क्षेत्र में भी गुलदार की मौजूदगी की सूचना मिलने पर वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद गुलदार का न पकड़ा जाना ग्रामीणों की चिंता बढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई कर गुलदारों को पकड़ा जाए, ताकि क्षेत्र में दहशत का माहौल समाप्त हो सके।

### शांति समिति की बैठक

**कोतवाली देहात।** थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष प्रवेज तोमर ने कहा कि आगामी त्यौहार शिवरात्रि तथा रविदास जयंती को सद्भाव के साथ मनाया जाए। त्यौहार पर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था में बाधा डालने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्दू सम्मेलन में एकजुट रहने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के गांव जटपुरा महावतपुर के पीएम गर्ल्स इंटर कालेज में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय हिन्दू संस्कृति व संस्कारों को अपनाने की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश जी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू वर्ग के लोगों को जातपात भुलाकर एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने भारतीय हिन्दू संस्कारों, संस्कृति को बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण की भूमिका में योगदान की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं संघ की 100 वर्षों की उपलब्धि भी गिनाई। उन्होंने कहा आरएसएस किसी पार्टी विशेष से नहीं है बल्कि हिन्दू हितों की रक्षा के लिए बना है। उन्होंने केदारनाथ में आयी त्रासदी व उसकी चपेट में आये लोगो की मदद के लिए आरएसएस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि हिन्दू लोगों को परिवार के साथ बैठकर अपने संस्कारों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश जी व संचालन वृजेश्वर सिंह ने किया।

इस दौरान खण्ड सह कार्यवाह दुष्यन्त कुमार, मंडल कार्यवाह अवनीत कुमार, हिन्दू हृदय सम्राट बच्चा वाला बर्फानी, जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, विश्व हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डा इंद्रदेव सिंह, सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित केके शर्मा, भज्जावाला प्रज्ञा पीठ के परिव्राजक हरिशंकर वर्मा, राकेश कुमार, दुष्यन्त कुमार, अनिल कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य का निरीक्षण

## सांसद चंद्रशेखर ने बिजली उपकेंद्र व सीएचसी का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्र का भ्रमण करके सांसद ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान समस्याओं के निदान के लिए संबंधित को निर्देश दिए।

नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने सबसे पहले कालाखेड़ी फाटक पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गति बढ़ाकर उसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके बाद सांसद उन्होंने विद्युत उपकेंद्र नगीना का निरीक्षण किया। यहां ड्यूटी से अनुपस्थित कई कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका में गैरहाजिरी दर्ज न होने पर सांसद ने संबंधित से कारण पूछा परन्तु संतोषजनक उत्तर न मिलने पर सांसद ने नाराजगी जताई और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी ने नगर पालिका द्वारा अस्पताल परिसर में बनाए गए शौचालय की समस्याएं बताईं, जिस पर सांसद ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

रोडवेज बस स्टैंड नगीना का निरीक्षण कर सांसद ने नवनिर्मित भवन व सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। रोडवेज पर निरीक्षण के बाद सांसद बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे गुरुद्वारा संत सभा एसडीएम कोर्ट पहुंचे, जिसके बाद वो मुनीम चौक स्थित कब्रिस्तान में हो रहे दफीने में शामिल हुए। उन्होंने स्टेशन रोड स्थित आसपा नेता परवेज पाशी के आवास पर ई रिक्शा एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर ई रिक्शा चालकों की समस्याएं सुनी और उनके जल्द से जल्द समाधान के आश्वासन दिए।

अंत में सांसद चंद्रशेखर आजाद मौहल्ला कलालान में हाल ही रोड एक्सीडेंट में घायल व घटना के कई दिन बाद इलाज के दौरान जिंदगी के लिए जंग हार चुके मौ. उजैफ के शोकाकुल परिवारजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी।

इस दौरान उनसे जल बोर्ड द्वारा नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों के अभी तक ठीक न होने, बारातघर में सरकारी क्लीनिक खोलने आदि से संबंधित समस्याएं बताई गईं।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी, परवेज पाशी, आरिफ मालिक, शेख इकरार प्रधान, फरहान अंसारी काकू, महताब आलम, मरगूब मुल्तानी, विवेक सेन, दीपक कुमार, ललित कुमार, शीतल कुमारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शोएब सिद्दीकी का बीसीएल क्रिकेट लीग के लिए चयन

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी शोएब सिद्दीकी पुत्र मौहम्मद असलम अंडे वाले का बिजनौर में आयोजित बीसीएल क्रिकेट लीग के लिए चयन हुआ है। बीसीएल क्रिकेट लीग का हाल ही में बड़ा टूर्नामेंट बिजनौर में वर्धमान कॉलेज में हुआ था। इस टूर्नामेंट में जिले भर के खिलाड़ी ट्रेल बेस पर सेलेक्ट हुए थे। इसी टीम में शोएब सिद्दीकी ट्रेल देकर सेलेक्ट हुए है। बीसीएल टीम नेपाल दौरे के लिए रवाना होने वाली है। 17 जनवरी 2026 को बीसीएल के आर्गेनाइजर शोएब सिद्दीकी को उनके वालिद मौहम्मद असलम व उनके बड़े भाई अमजद सिद्दीकी व अनस कस्सार की मौजूदगी में सेलेक्शन लेटर एवं बीसीएल इंडिया की ड्रेस व किट बैग देकर सम्मानित किया गया।

# गौरी गौशाला आश्रम में गौ पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर अनन्त नियति वर्ल्डपीस चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित गौरी गौशाला आश्रम में विधिवत गौ पूजन का आयोजन किया गया। शुभ मुहूर्त में सम्पन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में गौ भक्तों ने भाग लेकर गौ सेवा और पूजा-अर्चना की।

गौरी गौशाला के संस्थापक आचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने बताया कि मौनी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इसी दिन से द्वापर युग का आरम्भ हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने गौ माता को अपना आराध्य माना और स्वयं गौ सेवा की। उन्होंने कहा कि माघ मास की अमावस्या सभी अमावस्यों में श्रेष्ठ मानी जाती है, जिसे मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन कुछ समय मौन रहकर अपने इष्ट का स्मरण करना तथा पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गौ माता की पूजा-सेवा करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।



## भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे

आचार्य श्री ने बताया कि गौ माता में समस्त देवताओं एवं पितरों का वास माना गया है। गौरी गौशाला के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गौ सेवा करते हैं। कुछ भक्त प्रत्येक अमावस्या, पूर्णिमा, एकादशी, बुधवार, जन्मदिन अथवा पुण्य तिथि के अवसर पर गौ सेवा भंडारे का आयोजन करते हैं। समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी गौ सेवा भंडारे आयोजित किए जाते हैं।

इसी क्रम में मौनी अमावस्या के अवसर पर अग्निवीर गौ सेवा परिवार, बिजनौर की ओर से गौ सेवा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गौ भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान गौ माता की जय-जयकार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। 'जै गौ माता जै गोपाल, भक्तवत्सल प्रभु दीनदयाल' जैसे भजनों की पंक्तियों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।

इस अवसर पर गौतम गिरि, अनूप कुमार, सौरभ सैनी, लक्ष्य छावड़ा, प्रियाशु भटनागर, गौरव टाक, सुमित राजपूत, छोटे लाल, अवनीश वर्मा, अरुण चौहान, देव राजपूत, सुशान्त कुमार, जय सिसौदिया, मयंक कुमार, प्रणव भारद्वाज, निकुंज शर्मा, शिव हरि माहेश्वरी, शालु वर्मा, सन्नी पंडित, संदीप गोयल, नन्दनराय, डॉ. शंकर दत्त भारद्वाज, देव दत्त चौहान सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# खारी बूथ पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रवासी कार्यकर्ताओं की सक्रिय बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खारी स्थित बूथ संख्या-355 पर संगठनात्मक मजबूती को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रवासी के नाते इस बूथ के बीएलए-2 हिमांशु, बूथ अध्यक्ष ब्रजेश, शक्ति केंद्र प्रमुख अंकित सैनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक का आयोजन बूथ अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के निवास पर किया गया। जहां बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, मतदाता संपर्क अभियान को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

बैठक के दौरान आपसी समन्वय, जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन एवं जमीनी स्तर पर जनसंपर्क को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, अनुराग जोशी एवं नवीन चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**किरतपुर।** नगर के इतवार बाजार के पास बिजनौर मार्ग पर कार संख्या यूपी 15 एके 9329 टाटा इंडिगो ने ई-रिक्शा संख्या यूपी 20 बीटी 6112 में टक्कर मार दी। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक मौहम्मद फरहान (19 वर्ष) पुत्र निसार अहमद निवासी हुसैनपुर मीरा, थाना किरतपुर की रीढ़ की हड्डी व पैरों में गंभीर चोटें आईं। वहीं ई-रिक्शा में सवार श्रीमती हसीना बानो (52 वर्ष) पत्नी मौहम्मद इब्राहिम निवासी मौहल्ला अंसारियान, कस्बा व थाना किरतपुर के सिर में चोट आई। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को चौधरी अस्पताल व मिर्जा अस्पताल, किरतपुर में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया।

# चमरावाला में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**नगीना।** एक व्यक्ति का शव घर के अंदर संदिग्ध हालत में मिला। थाना क्षेत्र के चमरा वाला गांव में रविवार को सुभाष चंद्र (33 वर्ष) पुत्र प्रीतम सिंह को उसके पड़ोसियों ने मृत अवस्था में देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, सुभाष नशे का आदी था जिस कारण उसकी पत्नी काफी समय से अपने मायके में रह रही थी। मृतक की शादी लगभग 14 साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। मृतक पिछले कई दिनों से बीमार था।

## नगर कार्यकारिणी का गठन



**नगीना।** स्थानीय क्षत्रिय नगर में जिला क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर की बैठक में नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सुधीर राणा को नगर अध्यक्ष एवं डॉ. सतीश चौहान को महामंत्री चुना गया। बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेश चौहान व तिलक राज सिंह के संचालन में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। इस मौके पर जिला क्षत्रिय राजपूत सभा के निर्वाचन अधिकारी टीकम सिंह एड. व यशपाल सिंह की देखरेख में नगर की क्षत्रिय राजपूत सभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें विनोद राठौर संरक्षक, सुधीर राणा को अध्यक्ष, डॉ. सतीश चौहान महामंत्री, मास्टर भूपेश चौहान उपाध्यक्ष, गगन चौहान मंत्री, प्रबोध चौहान एड. कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी मनीष राणा, संगठन मंत्री अंशुल ठाकुर व रामकुमार सिंह एड., अजय चौहान, गजेंद्र सिंह को सदस्य कार्यकारिणी चुना गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष लोकेंद्र चौहान, कुलवीर सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, अजय चौहान, सौरभ चौहान, विमल चौहान, रवि चौहान सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मदरसा मदीनतुल उलूम में 18 छात्रों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला शेख सराय स्थित मदरसा मदीनातुल उलूम में आयोजित दस्तारबंदी समारोह के 18 बच्चों जिनमें से सात बच्चों के मुकम्मल कुरआन पाक हिफ्ज करने और ग्यारह बच्चों के तजवीद किरात मुकम्मल करने पर सबकी दस्तारबंदी के बाद हाफिज की उपाधि से नवाजा गया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की सदारत इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती मुहम्मद उवैस अकरम ने की जबकि निजामत मौलाना असजद रहमानी ने की। कार्यक्रम का आगाज कारी मौहम्मद आकिल की तिलावते कलाम पाक से हुआ, जबकि कारी मौहम्मद उमेर ने बारगाहे रिसालत में नाते पाक का हदिया पेश किया। मेहमाने खुसूसी मुफ्ती तौहीद आलम उस्ताद मदरसा शाही मुरादाबाद ने मदारिस की अहमियत को बयान करते हुए कहा कि मदरसे इल्म का समंदर होते हैं, इनसे मिलने वाली तालीम दीन और दुनिया को संवार देती है, अपने मदरसों और उस्तादों की इज्जत करो। उन्होंने कलामे पाक की अजमत को बयान करते हुए कहा कि हाफिज कुरआन होना यह उस रब को ओर से दी गई एक नेमत है और एक बड़ी अजमत वाली बात है, कल कयामत के दिन इन्हीं हाफिज के सर पर सूरज से ज्यादा चमकदार खूबसूरत ताज होगा और यही हाफिज अपने खानदानों की मगफिरत के जरिया बनेंगे।



इस मौके पर कुरआन हिफ्ज करने वाले और तजवीद मुकम्मल करने वालों में मौ. मुआज, मौ. अली, मौ. उमैर, मौ. शोएब, मौ. सफ्फवान, मौ. उमर, मौ. मुआज, मौ. अस्जद, मौ. रिहान, मौ. मसअब, मौ. उमेर, मौ. मसअब, मौ. जकरिया, मौ. अनस, मौ. फहद, मौ. अदीब, मौ. समीर, मौ. साहिब शामिल हैं। सबके कलामे पाक और तजवीद किरात का मुकम्मल हिफ्ज करने पर सब के सरों पर पगड़ी बांधकर उनकी दस्तारबंदी की गई और उन्हें हाफिज की उपाधि से नवाजा गया साथ ही स्मृति चिन्ह भी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुफ्ती मौ. इलियास, मुफ्ती अबरार अहमद, मुफ्ती मुशाहिद हुसैन, मौलाना तारिक, मौलाना आबिद, मुफ्ती अरशद, मुफ्ती अब्दुल रहमान, मुफ्ती नईम अहमद, मौलाना सन्नवर, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, मौ. कफील अहमद मुजाहीरी, मौलाना रिजवान अहमद, हाफिज रफीक अहमद, मुफ्ती फहीम अहमद, मुफ्ती मौ. फुजेल, मौलाना वारिस, मौलवी अतिकुर्रमान कासमी, शेख शाहनवाज खलील, अफजाल कुरैशी, जहीर पहलवान, तंजील आलम, मौ. फारूक, मौ. हारून आदि लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इमाम जामा मस्जिद मस्जिद मुफ्ती मौ. उवैस अकरम ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ कराई। अंत में मदरसे के प्रबंधक मौलाना अनवार अहमद ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम पूर्व में फईम पुत्र फरीद था। अब मैंने अपना नाम बदल कर फईम अहमद पुत्र फरीद कर लिया है। अब मुझे फईम अहमद के नाम से ही जाना -पहचाना जाए। **फईम अहमद पुत्र फरीद निवासी ग्राम रायपुर सादात, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

आधार नं.- 899566163904, मो.नं.- 7533828246

## संबंध विच्छेद सूचना

हमारा पुत्र अमित कुमार गहलौत एवं पुत्रवधू प्रियंका राजपूत वर्तमान पता शुगर मिल नादेही फ्रन्ट ऑफ गैस्ट हाऊस राजपुर आंशिक, जसपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखंड हमारे कहने में नहीं है। हमारे साथ आये दिन विवाद करते है और अभद्र व्यवहार करते हैं। इनकी हरकतों से तंग आकर हमने इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी क्रिया कलाप व लेनदेन से हमारा व हमारे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **रामकुमार सिंह पुत्र रामचन्दर सिंह, उर्मिला देवी पत्नी रामकुमार सिंह, निवासी हाल ग्राम हरकिशनपुर, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

## बैंक परिसर और चौकियों पर सुरक्षा व्यवस्था जांची





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया। यह अभियान बैंक परिसरों, मुख्य प्रवेश द्वारों, एटीएम काउंटरों, पार्किंग स्थलों और अवधेशानंद व मोटा महादेव चौकियों सहित विभिन्न स्थानों पर केंद्रित था। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और अपराध तथा धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है।

अभियान के दौरान, पुलिस टीम ने इन स्थानों का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों को सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी, अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने और सुरक्षा गार्डों की सतर्क तैनाती के निर्देश दिए। पुलिस ने बैंक में मौजूद ग्राहकों को लेनदेन के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी। उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने और साइबर व बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

मंडावली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था और अपराध मुक्त माहौल प्रदान करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग, सतर्कता बरतने और जागरूकता बनाए रखने की अपील की, ताकि आपराधिक गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। इस संघन चैकिंग अभियान में मंडावली प्रभारी राकेश कुमार के साथ उप निरीक्षक महेश चन्द्र, कांस्टेबल जयवीर, कांस्टेबल मोनू कुमार, कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल इमरान, कांस्टेबल बृजेश कुमार और होमगार्ड जगदीश कुमार मौजूद रहे।

# नंद महोत्सव का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला साहूवान स्थित गोयल भवन पर चल रहे सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन की कथा में भगवान कृष्ण के जन्म तथा नंद महोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज तथा उनके संगतकारों द्वारा उच्चारित किए गए बधाई गीतों और भजनों पर श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की सामूहिक जय जयकार से कार्यक्रम स्थल को कृष्णमय बना दिया।

इस दौरान प्रदर्शित की गई वासुदेव और भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त प्रस्तुत किए गए भजन नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की को सुनकर उपस्थित समूह ने पारंपरिक जयकारों की जमकर गुंजार की। चौथे दिन की कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने बताया कि जिस प्रकार त्रेता युग में लोगों को अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान राम ने अवतार धारण किया था, उसी प्रकार द्वापर युग में कंस के अत्याचारों को बढ़ता हुआ देखकर भगवान कृष्ण ने अवतार धारण किया। महाराज श्री ने नंद महोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए जहां यशोदा मैया और नंद बाबा के यहां आयोजित महोत्सव का बिंदु बार विस्तार से वर्णन किया। वहीं श्रद्धालुओं को भाव विभोर करते हुए कंस के कारागार में हुए कृष्ण जन्म से संबंधित प्रसंग की भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

इस अवसर पर प्रदर्शित की गई वासुदेव और भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी में रविंद्र किशोर गोयल ने वासुदेव तथा अरनव गोयल ने बाल रूप कृष्ण की भूमिका प्रदर्शित की। झांकी के दर्शन करके श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। स्वेता गोयल, तापस गोयल, जयंत गोयल, नित्या गोयल, हर्षा गोयल, प्राची, राधिका, मजुला माथुर, सुमन गोयल आदि मौजूद रहे।

# तारा देवी मंदिर आश्रम में भव्य हिंदू सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रसिद्ध मां तारा देवी मंदिर आश्रम हादकपुर में आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित अनिल कुमार, डॉ. आदित्य अग्रवाल एवं मोहन सिंह ने हिंदू संस्कृति, सनातन परंपरा, राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकजुटता है और 'सब हिंदू भाई-भाई हैं' का भाव ही समाज को सशक्त बनाता है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संघ विगत 100 वर्षों से धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है। संघ ने हमेशा समाज को संस्कार, सेवा और समर्पण की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्षों की यात्रा में राष्ट्रहित, समाजसेवा एवं सांस्कृतिक जागरण का महत्वपूर्ण कार्य किया है। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, शांति और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज की एकता के लिए मंगलकामनाएं की गईं। सम्मेलन के दौरान भजन कीर्तन, धार्मिक प्रवचन का भी आयोजन किया गया ,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# शहजादपुर में आम के पेड़ काटे

## कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त, कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** क्षेत्र में लकड़ी तस्करों ने अब मन्दिर मस्जिदों को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यह नजारा उस समय देखने को मिला, जब लकड़ी तस्करों ने जामा मस्जिद के ग्राम में मौजूद बाग से आम के पेड़ काट डाले। मस्जिद कमेटी ने पुलिस को घटना की तहरीर सौंप कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के जामा मस्जिद एवं मदरसा इस्लामिया रियाज-उल-उलूम का संयुक्त आम का बाग थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में स्थित है। बाग से एक ग्रामीण द्वारा आम का पेड़ काटकर ले जाने की घटना सामने आने पर कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है।

कमेटी के अध्यक्ष अफसार खां पुत्र अंसार खां ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर हारून पुत्र दिलावर निवासी ग्राम शहजादपुर के खिलाफ पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मालूम हो कि इस समय क्षेत्र में लकड़ी माफिया ने जगह-जगह रात के अंधेरे में लकड़ियों का कटान खुलेआम कर वन विभाग सहित पुलिस को चुनौती दे रहे है। पूर्व में थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण द्वारा ग्राम समाज के पेड़ों का कटान की शिकायत करना उस समय भारी पड़ गया था। जब माफियाओं ने शिकायत कर्ता को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया था, जिसकी पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्यवाही की थी। इतना ही नहीं यह माफिया किसी जगह का लकड़ी काटने का ठेका लेते है, तो स्वयं वन विभाग से कम पेड़ व सुखे पेड़ दिखाकर परमिशन ले लेते है, लेकिन रात के अंधेरे में बड़ी मात्रा में पेड़ों का कटान कर लेते है। मजेदार बात यह यह है कि वन विभाग को सब कुछ पता होने के बावजूद भी इन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही या मौके पर जांच तक नहीं होती है। वही लोगों ने इन लकड़ी माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। उधर जामा मस्जिद व मदरसे के बाग मे कटे पेड़ के प्रकरण में तहरीर में नामजद व्यक्ति से बात करने का प्रयास किया तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कमेटी सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक नजर

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**किरतपुर।** क्रांति देवी इंटर कॉलेज, शाहपुरा रतन में विद्यालय परिवार द्वारा श्रीमती क्रांति देवी के परिनिर्वाण (पुण्यतिथि) के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक चंद्र प्रकाश सिंह 'रवि' ने अपने संबोधन में अपनी माता. जी श्रीमती क्रांति देवी के जीवन मूल्यों, संस्कारों एवं त्याग को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रचना देवी ने भी श्रीमती क्रांति देवी के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके संस्कारों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ राजीव कुमार, राकेश कुमार, निशी मैडम, मौसम, कुलदीप, मानवी चौधरी सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## प्रबंध समिति के गठन के लिए नामांकन





**किरतपुर।** हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर की प्रबंध समिति के गठन हेतु आज सुबह 10:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उपाध्यक्ष पद के लिए अरुण गोयल (राम पेपर मिल), प्रबंधक पद के लिए अरुण अग्रवाल (भट्टे वाले), उप-प्रबंधक पद के लिए प्रदीप चौहान (पत्रकार), कोषाध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र अग्रवाल ने नामांकन किया। वहीं सदस्य पद के लिए कुंवर रविंदर सिंह, अरविंद राणा, अरविंद वर्मा, कृपाल सिंह राजपूत, शिव कुमार राजपूत, राकेश राजपूत तथा सुभाष चंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने नामांकन पत्र भरे। चुनाव अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है।

## मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान जितनी तरक्की कर रहा है, इतना ही हम मानव संवेदनाओं से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब कोई दुर्घटना होती थी, तो सब बेचैन हो जाते थे। लेकिन आज लोग हिंदू-मुस्लिम देखते हैं। हम संप्रदाय और समुदाय में बंट कर रह गए है। राष्ट्र से हमें कुछ लेना-देना नहीं रहा। इस खुदगर्जी के दौर में मानवता गुम होती जा रही है। आखिर हम आने वाली नसलों को क्या देकर जाना चाहते हैं।

## परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**नजीबाबाद।** क्षेत्राधिकारी नितेश सिंह ने थाना क्षेत्र में स्थित रमा जैन कन्या महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, तैनाती और व्यवहार की जांच की। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। नितेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों से कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए और छात्रों को परीक्षा के दौरान पूरी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्राधिकारी को परीक्षा संचालन के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद नितेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार के नियमित निरीक्षण परीक्षा के सुचारू संचालन और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।

## आदिनाथ चालीसा के पाठ का आयोजन

**नजीबाबाद।** श्री दिगम्बर जैन पचायती मंदिर में प्रथम तीर्थकार भगवान ऋषभदेव के निर्वाण महोत्सव पर शास्त्री दिवाकर जैन के सान्निध्य में आदिनाथ चालीसा का पाठ कर आघ्य समर्पण कर निर्वाण महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र जैन ने निर्वाण महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव कैलाश पर्वत से मोक्ष पधारे थे, उनके पुत्र भरत ने वहां कई चैत्यालयों का निर्माण कराया था। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, उपमंत्री निशु जैन, भण्डारी पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, राहुल जैन, भाविक जैन, वदान्त जैन, धीरज जैन, रश्मि जैन, वन्दना जैन, पीयूष जैन, रेना जैन, पूनम जैन, अक्षय जैन, रूकमणी जैन, स्वाति जैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस




## सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम विजय शंकर मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए एक-एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थनापत्रों का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, पुलिस विभाग सहित कई अन्य विभागों के मामले शामिल रहे। प्रशासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष सभी प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए भेजा गया।

# मतदाता सूची संशोधन को लेकर विशेष कैंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इंटर कॉलेज में मतदाता सूची संशोधन एसआईआर को लेकर एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप आज सुबह 11 बजे से बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर लगाए गए शिविरों का हिस्सा था।

इस कैंप में बीएलओ मुनेश कुमार, सलमा बेगम, सुनीता रानी, आमिर अली, ओमवती, गुलिस्ता सैफी और बृजेश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कैंप का उद्देश्य मतदाताओं को आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और आवश्यक संशोधन कराने में सहायता करना था। बता दें कि आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को किया जा चुका है। मतदाताओं को सलाह दी गई है कि वह इस सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। आज प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया गया। उन मतदाताओं के नाम भी पढ़े गए जिनके नाम मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित, दो. हरी प्रविष्टि या गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर न करने के कारण सूची से कट गए थे। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने बूथ पर जाकर आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। कैंप का समय पूर्वाह्न 11 बजे से सायं चार बजे तक निर्धारित था। यदि किसी मतदाता का नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है, तो वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। यदि मतदाता अपनी प्रविष्टि में कोई त्रुटि सुधारना चाहते हैं, तो उन्हें फॉर्म-8 भरना होगा।

# सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

ग्राम जैतरा स्थित दुर्गा मंदिर पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा यह भजन सबको खूब पसंद आया, सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजकों को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजकों मे सौरभ सैनी, छोटेलाल सैनी, सनी सैनी, रवि सैनी, डोली सैनी, पिंटू सैनी, गौतम गिरी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी आचार्य, दिनेश चंद्र भारद्वाज, दिनेश राणा, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राम प्रकाश वर्मा, संजीव शर्मा, प्रवेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

## विहिप का 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विदुर कुटी प्रखण्ड के ग्राम जिरौठी में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभाग सह-संयोजक शिवम वर्मा ने सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करना ही परिषद का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जब समाज आंतरिक रूप से संगठित और समरस होगा, तभी देश सशक्त बनेगा। कार्यक्रम को विभाग सत्संग प्रमुख शोभित शर्मा एवं संगठन मंत्री शिव कुमार ने भी सम्बोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप अध्यक्ष कौशल अग्रवाल तथा संचालन प्रखण्ड मंत्री विपिन जोशी ने किया। इस अवसर पर विहिप उपाध्यक्ष अजय जी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और एकजुट रहने का संकल्प लिया।

# समाधान दिवस में 25 शिकायतें दर्ज

## लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें : डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मंशा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सके।

आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कोहरे और ठंडक के बीच पहुंचे श्रद्धालुओं ने किया स्नान

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर मौनी अमावस्या के शुभ अवसर रविवार को गंगा घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारो की संख्या मे श्रद्ालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पाप से मुक्ति की कामना की। कस्बा बबराला के गंगा घाट राजघाट व नरौरा घाट पर दिनभर श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने गंगा में डुबकी लगाकर सूर्य को अर्ध्य दिया और घाट पर मौजूद पंडा व पुरोहितों को दान कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान मेले में करीने से सजी सैकड़ों दुकानों पर खरीददारों का जमघट लगा रहा। भीड़ के मद्देनजर घाट पर पुलिस की व्यवस्था रही। भीड़ से श्रृद्धालुओं को जाम से जाम से जूझना पड़ा एवं मेले में महिलाओं ने खरीदारी की। कस्बा बबराला क्षेत्र गंगा घाट पर स्नान के लिए रविवार भोर से ही श्रृद्धालुओं का तांता लग गया। हजारों महिला, पुरुष व बच्चों ने गंगा माया में डुबकी लगाई और सूर्य को अर्ध्य देकर ईश्वर से कामना की। सुबह नो बजते-बजते आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बबराला गंगा घाट के कच्चे तट पर श्रृद्धालुओं की भीड़ लग गई। दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों ने घाट तक का रास्ता पैदल ही तय किया। स्नान के बाद श्रृद्वलुओं ने घाट पर मौजूद गरीबों में दान किया। पुरोहितों के जरिए घाट पर श्रृद्वालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। घाट पर स्थित देवी व शिव मंदिरों पर घंटे-घड़ियाल की आवाजें गूंजती रहीं। इस दौरान दूरदराज से आए व्यापारियों ने अपनी दुकानें सजा रखीं थी। गंगा तट से लेकर घाट चौराहा तक दोनों पटरियों पर सजी दुकानों पर भारी भीड़ रही। यहां महिलाओं ने श्रृंगार व पूजा-पाठ का सामान खरीदा तो बच्चों ने खिलौने व मिठाई की खरीददारी की। श्रृद्वालुओं की भीड़ के मद्देनजर घाट पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रही। पण्डित पुष्पेन्द्र शर्मा व सत्यम मिश्रा ने बताया कि मोनी अमावस्या पर स्नान का बड़ा महत्व है। इसलिए श्रृद्वालु पुण्य लाभ कमाने स्नान को पहुँचते हैं।

# मतदेय स्थलों पर चले दावे और आपत्ति अभियान का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मतदाता सूची में दावे और आपत्तियों के लिए विशेष अभियान के तहत मतदेय स्थलों पर किये गय कार्यों का जिलाधिकारी ने जांच की और सूची पढ़े जाने को लेकर जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से रविवार को सुबह 10-30 बजे से 4:30 बजे तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके अन्तर्गत आलेख्य निर्वाचन नामावलियां जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों/मतदान केंद्रों पर बैठकों का आयोजन करते हुए पढ़े गये। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने एसआईआर के कार्यों को लेकर बाबू राम सिंह इण्टर कॉलेज बबराला के मतदेय स्थलों को चेक किया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ से अद्यतन मतदाता सूची ,फार्म संख्या 6, 7 एवं 8 तथा घोषणा पत्र (अनुलग्नक 4) तथा सूची के पढ़े जाने को लेकर जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



**सिरसी।** इमाम हुसैन के मक्के से कर्बला के यका की याद में जुलूस निकालते अकीदतमंद।

# मुझ जैसा यजीद की बैअत नहीं कर सकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन (अ.) के अब से चौदह सौ साल पहले अटठाइस रजब सन साठ हिजरी को अपने कुनबे और साथियों के साथ वतन मदीने को अलविदा कहा था इसी की याद में हर साल की तरह इस साल भी जुलजुनाह ऊँटों पर सजी अमारियों और अलमे मुबारक कि जुलूस बरामद किए, जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

कस्बे के मौहल्ला बाजार में इमाम बारगाह हजरत अब्बास अलमदार और मौहल्ला शर्की में इमामबारगाह जामे इमाम मेंहदी में मजलिसे बरपा की गई। जिसमें उलेमाओं ने खिताब करते हुए हजरत इमाम हुसैन की मदीने से रवानगी (सफर) का जिक्र करते हुए कहा कि जब मदीने के जालिम शासक यजीद ने हजरत इमाम हुसैन से बैअत तलब की, तब इमाम ने बैअत करने से इन्कार करते हुए

### ○कौम के सरदार ने तर्क वतन कर दिया

कहा कि मुझ जैसा यजीद की बैअत नहीं कर सकता। यजीद की बैअत कर लेने का मतलब उसके इस्लाम मुखालिफ कामों को सही ठहराना दे, लेकिन जनाबे फातेमा जहरा जैसी माँ की गोद में परवरिश पाने वाले हुसैन से यह मुमकिन ही नहीं था। उलेमाओं ने आगे कहा कि जब यजीद इमाम हुसैन को कत्ल करने पर आमादा हो गया तब नवासा ए रसूल ने अमन के शहर मदीने को खून खराबे से बचाने के लिए अपने कुनबे, साथियों केसाथ मदीने को हसरत भरी निगाहों से देखते हुए 28 रजब सन 60 हिजरी को नाना के मदीने को अलविदा कह दिया और मक्का का सफर किया,लेकिन जब इमाम जिल हिज्जा को मक्का पहुंचे तब वहाँ भी यजीद के सिपाही हाजियों के लिबास में थे। हजरत इमाम हुसैन ने मक्का को भी अलविदा कहा और दो मौहर्रम को कर्बला (इराक) पहुंचे। मौलाना ने जब हजरत इमाम हुसैन के मदीने से सफर और कर्बला पहुंचने का जिक्र किया तब हाय-हुसैन, हाय-हुसैन की सदाओं से इमाम बारगाह गूँज उठे। इसके बाद शबीहे जुल जुनाह, अमारी व अलम मुबारक बरामद किए गए। जिसकी ज्यारत को अकीदतमंद काफी तादाद में मौजूद रहे। जुलूस अपने निर्धारित रास्तों से होते हुए इमामबारगह में बढ़ा दिए गए।

# सतरंगी रंगों से सजी रंगोली प्रकृति की मनोहारी छवि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम उत्तर प्रदेश भारत के तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 17 विद्यालयों के 34 विद्यार्थियों ने विविध रंगों से प्रकृति सुंदरी का मनमोहक चित्रण कर अनेक मनभावन रंगों से रंगोली सजाई।

ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बरेली सराय, में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का विषय प्रकृति का मनमोहक चित्रण था। समारोह के अध्यक्ष संजना गुप्ता ने कहा कि भारत की संस्कृति लोक कलाओं,लोक कथाओं और लोकगीत में निवास करती है। मुख्य अतिथि अश्विनी आर्य ने कहा कि रंगोली भारतीय लोक कला का सबसे अच्छा उदाहरण है। जीवन को सरल और सरस बनाए रखने के लिए इसके प्रति अभिरुचि बनाए रखना अति आवश्यक है।संस्था के संस्थापक डा. डीएन शर्मा ने कहा कि लुप्त होती लोक कलाओं को जागृत करना संस्था का उद्देश्य है, लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन अति महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम इस प्रतियोगिता का प्रतिवर्ष आयोजन करती है।अध्यक्ष डा. विजय लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में जिले के स्कूलों के प्रधानाचार्य और प्राचार्यों व इनके शिक्षकों का विशेष सहयोग अति सराहनीय है। रिया आर्य ने कहा की ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए उनका भरपूर सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

# विस्तारीकरण को साधू संतों ने भी उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाये जा रहें जागरूकता अभियान में श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति, फतेहपुर भाऊ,भी शामिल हो गया है। समिति की ओर से प्रधानमंत्री और रेलमंत्री को पत्र ईमेल का रेल लाइन विस्तारीकरण को बजट मंजूर किए जाने की मांग की।

इस दौरान महंत/पुजारी शिवराम ने कहा की संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग लगभग 50 वर्ष से लगातार की जाती आ रही है रेल मार्ग का कफी समय पूर्व सर्वे का कार्य भी पूर्ण हो चुका है लेकिन आज तक रेल बजट मंजूर जारी नहीं हो सका है इस रेल मार्ग का विस्तारीकरण हो जाने से विशेष कर साधु संतों को कफी लाभ प्राप्त होगा, संभल श्री कल्कि भगवान के लिए भी जाना जाता है देश विदेश से श्री कल्कि भक्तों का संभल में आना-जाना लगा रहता है लेकिन रेल लाइन की सही व्यवस्था न होने के कारण भक्तों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हम अपनी मंदिर समिति की तरफ से एक पत्र प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को मेल द्वारा भेज कर रेल बजट मंजूर किये जाने की मांग कर रहे हैं।राजवीर सिंह प्रधान ने कहा कि सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग एक जनहित की मांग है। यह मांग पूर्ण हो जाने से हर वर्ग व हर धर्म के लोगों को फायदा होगा ओर रोजगार के नए-नए अवसर पैदा होंगे साथ ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। धीरज चौधरी ने कहा कि सम्भल की जनता को काफी लंबा समय बीत चुका है। प्रधानमंत्री से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस वर्ष के हम बजट में हमें रेल बजट की सौगात अवश्य मिलेगी। चौ रविराज चाहल ने कहा कि हमारे जागरूकता अभियान का काफी सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। विभिन्न सामाजिक संगठन जागरूकता दिखाते हुए लगातार प्रधानमंत्री रेलमंत्री को पत्र भेज रहे हैं। हमारी मांग लगातार भारत सरकार तक पहुंच रही है। भारत सरकार अवश्य इस बरस के आम बजट में सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण को बजट मिलेगा।

मदरसा तारीतुल कुरान में कुरान मुकम्मल करने पर जलसे का आयोजन

# इल्म हासिल करना हर इंसान की ज़रूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मदरसा तरतीलुल कुरान मे बच्चों के कुरान मुकम्मल करने पर जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में इल्म हासिल करने पर बल दिया गया।

उप नगरी सराय तरीन अबू सईद (लालकी कब्रिस्तान)स्थित मदरसा तरतीलुल कुरान मे आयोजित जलसे की शुरूआत कारी सलमान ने तिलावते कुरआन से की। दीनी जलसे में बोलते हुए मेहमाने खुसूसी मौलाना मुफ्ती रियाज उल हक ने कहा कि दुनयावी पढ़ाई के साथ साथ दीनी तालीम पर भी खासतौर पर गौर करना चाहिए। हाफिजे कुरान से रोजे कयामत के दिन कहा जाएगा कुरान पढ़ता जा जन्नत के दरजो पर चढ़ता जा। उन्हें जन्नत में भेज दिया जाएगा। उन्होंने कुरान मजीद पर रोशनी डालते हुए कहा कि एक बच्चा कुरान मुकम्मल करने में एक साल या ज्यादा से ज्यादा डेढ़ साल का वक्त लेता है। जबकि कुछ बच्चे कुरान मजीद को चंद महीनों में पूरा कर लेते हैं, लेकिन कुर्बान जाऊं अल्लाह की रहमतों पर। मरते दम तक कुरान मजीद सीने में हिफाजत से रहता है। बीमारी हो या कुछ भी इंसान इसे नहीं भूलता है, दुनिया के हर मुसलमान के सीनों में कुरान मजीद पेवस्त है। हाफिजे कुरआन का अल्लाह के यहां बड़ा मुकाम है। कुरान पूरी इंसानियत और मुसलमानो के लिए सबसे अजीम नेहमत है। यह कयामत तक के लिए इंसानों के लिए हिदायत है। कुरान मजीद की हिफाजत की जिम्मेदारी अल्लाह ने अपने जिम्मे ली है। इसे याद करना बड़े रुतबे की बात है। यह खुशी पैसे से नहीं बल्कि छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और अल्लाह के फजल से होता है। जो बच्चा कुरान को हिफ्ज करता है। उसको अल्लाह बेशुमार इनामों से नवाजता है। उन्होंने कहा कुरान मजीद को हिफ्ज करने वाले बच्चे के मां-बाप को कयामत के दिन अल्लाह उनके सर पर ताज पहनाएगा, जिसकी रोशनी सूरज से भी ज्यादा चमकदार होगी। आखिर में हाफिज बने मु. आतिफ, हाफिज मु.अदनान, हाफिज मु. अब्दुल्लाह, हाफिज मु. रजा, हाफिज मु. अरहम, हाफिज मु. कैफ का फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। जलसे की निजामत कारी मुजफ्फर कासमी ने की। अंत में में मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ कराई गई। इसके अलावा हाफिज फखरे आलम, कारी सलमान, हाजी अनीस आदि मौजूद रहे।

## बोलेरो पिकअप का सीसा फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बाइक सवार ने बोलेरो पिकअप गाड़ी की साइड लग जाने पर गाड़ी का सीसा तोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

थाना बबराला में ललित राणा पुत्र दीप कुमार सिंह निवासी नगला कासी थाना कपूरपुर जिला हापुड़ ने दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपनी गाडी बोलेरो पिकअप में पशु लेकर जुनावई से जारचा जा रहा था। वह शाम बबराला इन्द्रा चौक के पास पहुंचा तो एक बाइक सवार की दूध की खाली कैन मे गाडी लग गयी। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसकी गाड़ी रोककर गाडी का सीसा फोड़ दिया। उक्त प्रकरण की जांच कर कानूनी कार्यवाही करें। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# किसी भी कीमत पर नहीं बदला जाए सम्भल का नाम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के नाम को बदलने की मांग एवं सुगबुगाहट के बीच भारतीय इतिहास संकलन समिति ने सम्भल के नाम से छेड़छाड़ ना करने की अपील की है।

तिरंगा मार्केट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलयुग में सम्भल को विभिन्न नामो सत्यव्रत महदगिरि, पिंगल और संभल नाम से प्रसिद्व होने का वृतांत है। कुल मिलाकर कलयुग में सम्भल नाम विख्यात रहना है। यह देवीय शक्तियों, धर्म ग्रंथो, संतों महंतों की अमिट वाणी है। जिससे छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शासन स्तर पर उठी सम्भल का नाम बदलने की मांग को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सम्भल का नाम पौराणिक और शास्त्रेक्त है। इसलिए कलयुग में सम्भल का नाम सम्भल या शम्भल ही रहना उचित सार्थक और शास्त्रेक्त है। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला बौद्विक प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि सम्भल की कुछ बस्तियों के नाम तो बदलने चाहिए। लेकिन सम्भल नगर का नाम सम्भल ही रहने दिया जाए। उन्होंने शहजादी सराय, बेगम सराय, मियां सराय, आलम सराय जैसे अनेक मोहल्ले के नाम परिवर्तन करने की अथवा ऐतिहासिक और शास्त्रेक्त आध्यात्मिक नामकरण रखने की वकालत भी की। बैठक में अशोक कुमार गर्ग, डा. अरविंद कुमार गुप्ता, नेहा मलय, उमेश सैनी, सुबोध कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-नवाब महमूद एकेडमी में सम्भव गौरव अवार्ड लेते। शाह टाइम्स

## सम्भल गौरव अवॉर्ड देकर किए सम्मानित

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** एक मॉडल चाहिए सॉग के साथ डायरेक्शन की भूमिका मे रहने वाले वसीम राज और टीम के तमाम लोगों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

नगर के नवाब महमूद एकेडमी में आयोजित सम्भल गौरव अवार्ड में हीरो की भूमिका निभाने वाले जिम्मी खान ने आयोजन किया। समारोह में इन्टाग्राम, फेसबुक और यूटयूब पर तरह तरह के कन्टेंट बनाने वाले युवाओं तथा मीडिया कर्मियों एवं सामाजिक लोगों के सम्मान मे सम्भल गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि वकील अहमद रहे। कार्यक्रम मे सभी को सम्भल गौरव अवार्ड देकर सम्मानित करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। जबकि गीत और संगीत के साथ सुर ललहरी ने कार्यक्रम मे चारचॉद लगा दिए। इस मौके पर वकील अहमद, कॉरियोग्राफर अयूब खान, संजना, रूखसाना, नसरीन, प्रिया, सालिम सम्भली, आरिफ खान, इंतेजार हुसैन, सल्लू हबीबी, सपना, ऐनुल हक, फिरोज, सींगर फहीम, आलम खान, मौ. अहमद, नौशाद बिजनौरी, एक्सआर सल्लू, अब्दुल्ला, मौ. जैद, समीर टाईगर, जस्सू, सैयद शाईक, मौहम्मद हसीन, मुशय्यद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## शांतिभंग की आशंका में तीन गिरफ्तार

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेतृत्व मे कानून व्यवस्था, अपराध पर अंकुश लगाने को शांतिभंग में अभियुक्तगण बलवीर पुत्र सियाराम निवासी ग्राम भोजराजपुर थाना बबराला ललतेश पुत्र रोहन सिंह व किशन पुत्र ओमपाल निवासीगण ग्राम मीरमपुर थाना बबराला को शान्ति भंग करने पर धाारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय उपजिलाधिकारी गुन्नौर के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## मंदिर में 25 से होगी श्रीमदभागवत कथा

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर के श्री संतोषी माता बांके बिहारी लाल मंदिर बबराला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 25 से 31 जनवरी तक होगा। यह 1 फरवरी 2026 पूर्णिमा को पूर्ण होगी। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। यह जानकारी आचार्य श्याम बिहारी महाराज ने दी है।

## नागरिक सुरक्षा नि:स्वार्थ सेवा का संगठन

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** जनपद वासियों को अब मिलेगा निस्वार्थ समाज सेवा का मौका मिलेगा।



बबराला नगर के चन्दौसी रोड़ निवासी सिविल डिफेंस नरौरा के चीफ वार्डन योगेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में सिविल डिफेंस इकाइयां संचालित होंगी।अभी तक पूरे देश के 244 जनपदों में ही सिविल डिफेंस इकाइयां संचालित हो रही हैं।जबकि उत्तर प्रदेश में केवल 15 जनपदों में ही सिविल डिफेंस कार्य कर रहा है।अब शासन सभी जिलों में कार्य करने के निर्देश दे चुका है। स्वयं सेवक के रूप में नागरिक सुरक्षा से जुड़कर प्रशासन के सहयोग में समाज और देश सेवा निस्वार्थ भाव से करने का मौका पा सकते हैं। जो समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं।उन्हें समाज सेवक के रूप में कार्य करने को एक अच्छा प्लेट फॉर्म मिलेगा।नागरिक सुरक्षा संगठन आपदा में लोगों की सेवा सहायता को बना है। बबराला में आज से वार्डन व स्वंयसेवकों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू होगा।

## बूथों पर भरवाए आवेदन फार्म

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** भारतीय जानता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष सय्यद शान अली के नेतृत्व मे आज हयातनगर शक्ति केंद्र आचार्य मुकतेश हकीम रईस इंटर कालिज आदि बूथों पर (पूर्व 7) पर फार्म 6 भरवाए।

## भाकियू असली करेगी चकबंदी अधिकारियों का घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई मजबूती से जारी है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सम्भल और उपसंचालक अधिकारी चकबंदी दोनों अधिाकारियों का भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ता और पदाधिकारी घेराव करेंगे। सोमवार को समय 11:00 बज पुरानी तहसील सम्भल चकबंदी से संबंधित किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया कर लड़ाई आर पार की चेतावनी दी गई है। यह जानकारी भाकियू असली के अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने देते हुए बताया कि किसानों की समस्याओं से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बल्कि समाधान नहीं हुआ तो आन्दोलन ओर भी बड़ा किया जायेगा। अधिकारी जल्द ही किसानों की समस्याओं का समधान करायें।

# सपा के लिए यह साल बहुत अहम: इसराइली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी वर्ष चुनावी बिगुल बजने से पूर्व समजावादी पार्टी ने इसकी तैयारियों और मतदाताओं के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियां व चुनाव जीतने को जी जान से जुटना शुरू कर दिया है। जिजला सचिव ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर मेहनत से जुट जाने पर ज़ोर दिया है।

मौहल्ला कटरा मूसा खां में आयोजित बैठक में जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली ने कहा कि यह वर्ष समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के लिए बहुत मेहनत का साल है। क्योंकि इसी साल में जिला पंचायत, ब्लॉक प्रमुख और शिक्षक विधायक का चुनाव कराया जाना है। सभी चुनाव पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं इसलिए इन चुनावों को जीतना है जिसके लिए ऐंड़ी से चोटी का जोर लगाकर मेहनत करनी है। उन्होने कहा कि आगामी वर्ष में प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने है। इस बार प्रदेश की जनता का रूख सपा की ओर है,क्योंकि प्रदेश सरकार से अनम जन तंग आ चुका है। बेरोजगार, किसान और नौजवान तथा व्यापारी व महिलाएं मजदूर हर वर्ग परेशान है और समाजवादी पार्टी इन सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। तथा सभी



सम्भल- मौ. कटरा मूसा खां में सपाइयों की बैठक लेते जिला सचिव।

### ○चुनाव से पूर्व जीन जान से जुटकर जनता के बीच पहुंचने का आह्वान

के हित के बारे में सोचती है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों कों जनहित तथा पार्टी की सरकार में जन कल्याणकारी शुरू की गई योजनाओं को गिनाना है और उन्हे आम जन को बताना है। उन्होने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अभी से जी जान से जुटकर पार्टी के लिए काम करने का आहवान किया। कहा कि जब प्रदेश में सपा की सरकार होगी तो आम जन खुश होगां बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और किसान व मजदूर हर वर्ग खुश रहेगा। इस मौक पर नईम अंसारी, अरमान, इरशाद, मुंशी वाहिद, वासिफ, रईस, सलीम, रमीज राजा, नदीम, बिटटू वारसी, नबील आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मौनी अमावस्या पर राजघाट गंगाघाट पर हुई भव्य आरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर गंगा आरती में समिति अध्यक्ष गंगा आरती में शामिल हुए।

मौनी अमावस्या पर गंगाघाट राजघाट पर माँ गंगा की आरती की गई।जिसमें श्रृद्वालुओं ने भाग लिया।गंगाघाट गंगा मैया के जयकारे से गूंज उठा।गंगा जी का समिति अध्यक्ष अतुल गोयल, पूजा गोयल ने विधि-विधान से पूजन किया। समिति अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि मां गंगा धरती पर पापों का नाश करने वाली है। इसमें स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। मां गंगा को तभी सभी की तारणहार कहा गया है। मां गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी अपनी सहभागिता करें। मां गंगा को निर्मल और स्वच्छ बनाएं। गंगा आरती अच्छी पहल है।

# 23 जनवरी मॉक ड्रिल को समन्वय से कार्य योजना करें तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सम्बंधित विभागों के समन्वय से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, निर्धारित समय पर कलक्ट्रेट परिसर में मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किये जाने, सायरन बजते ही

### ○मॉक ड्रिल अभ्यास से पूर्व बैठक लेकर की गई तैयारियों पर चर्चा

प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किये जाने तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा, मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्काउट गाइड वालंटियर्स, टियर्स, नागरिक सुरक्षा सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, स्काउट गाइड, राजस्व विभाग, आपदा मित्र के कार्यों को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ए. के यादव आदि मौजूद रहे।

## भाकियू बीआरएसएस करेगी प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ किसान व आवाम को जिला स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के कारण नही मिलने का आरोप लगाते हुए भाकियू बीआरएसएस ब्लॉकपरिसर किसानों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण कराने को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा

# गंगाघाट साधुमढ़ी पर बसता मिनी कुम्भ

**बबराला( अनिरूद्ध शर्मा )।** गुन्नौर तहसील के गंगा घाट पर साधु मढ़ी पर गंगा यमुना और सरस्वती का भले ही संगम न हो, लेकिन यहां श्रृद्वा भक्ति और विश्वास का मिनी कुंभ सजता है। परम विष्णु धाम साधु मढ़ी सप्तश्रृषि आश्रम पर माघ माह में एक माह तक चलने वाले कल्पवास व रामनगरिया कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर के साधु-संत यहां पहुंचते हैं। लाखों श्रृद्वालु भी गंगा स्नान, यज्ञ, भजन, पूजन और संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करते हैं। बदायूं मेरठ हाईवे पर गांव जुनावई से 12 किलोमीटर दक्षिण दिशा में गंगा किनारे स्थित यह धार्मिक स्थल पिछले करीब 29 वर्षों से लाखों लोगों की श्रृद्वा का केंद्र बना हुआ है। आश्रम के संचालक रामानंद गिरि महाराज ने बताया स्वर्गीय श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु देवानंद गिरि महाराज 28 मई 1989 में अपने गुरु युग पुरुष स्वामी परमानंद के आहवान पर हरिद्वार से गंगासागर तक पैदल यात्र पर जा रहे थे। जब गुन्नौर स्थित गंगा घाट पर पहुंचे तो पता चला कि यहां स्थित 250 साल पुरानी साधु मणि गंगा में समाकर विलीन हो चुकी है। इसके बाद उन्होंने यहां आश्रम बनाने का संकल्प लिया और सात वर्षों तक मचान बनाकर रहे व तपस्या की। 1992 में क्षेत्रीय लोगों ने सहयोग राशि एकत्र कर आश्रम के लिए भूमि खरीदी और स्वामी जी के मार्गदर्शन में ग्रामीणों के सहयोग से ही यहां एक आश्रम के निर्माण का काम शुरू कराया गया। यहां माघ माह में पूरे महीने चलने वाले रामनगरिया कार्यक्रम में होने वाले गंगा स्नान, यज्ञ, हवन, पूजन और भंडारे में राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, पंजाब समेत देशभर के साधु संतों और लाखों श्रृद्वालुओं का अद्भुत संगम एक मिनी कुंभ के नजारे को दर्शाता है।

## 24 घंटे हरे राम हरे कृष्ण के जाप से गूंजता आश्रम

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु देवानंद गिरि महाराज का स्वर्गवास 11 अगस्त 2021 को हो गया था। उसी दिन से साधु धाम पर हरे राम हरे राम हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे हरे महामंत्र की ध्वनि प्रचलित है। निरंतर 24 घंटे संचालित है।

# घने कोहरे में बड़ा हादसा टला, नेशनल हाईवे पर आधा दर्जन वाहनों की हुई भीषण भिड़ंत






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में घने कोहरे के चलते रविवार सुबह तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। थाना मूढ़ापांडे क्षेत्र के अंतर्गत दिल्लीख्रलखनऊ नेशनल हाईवे पर सियोंरा बाजे गांव के पास घने कोहरे में छह वाहनों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दो ट्रक, तीन रोडवेज बसें और एक कार शामिल बताई जा रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय कोहरा इतना घना था कि हाईवे पर दृश्यता बेहद कम हो गई थी। इसी दौरान एक वाहन के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहे वाहन आपस में टकराते चले गए और देखते ही देखते छह वाहनों की श्रृंखलाबद्ध टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।हादसे में तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना मूढ़ापांडे पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मोहित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल उपचार दिलवाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत सामान्य पाई गई, जिसके बाद उन्हें सकुशल घर भेज दिया गया।हादसे के कारण दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया और कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु कराया। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि घने कोहरे के दौरान सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, धीमी गति रखें और सुरक्षित दूरी बनाकर चलें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# पाकबड़ा थाना क्षेत्र दिल्ली हाइवे पर घने कोहरे में भीषण सड़क हादसा, कंटेनर चालक की मौत

**मुरादाबाद।** जनपद में घने कोहरे के चलते देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। थाना पाकबड़ा क्षेत्र के अंतर्गत दिल्लीख्रलखनऊ नेशनल हाईवे पर लोधीपुर राजपूत गांव के सामने सीएनजी पंप के पास तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रहे कैंटर में पीछे से जा घुसा। हादसा इतना भीषण था कि कंटेनर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।जानकारी के अनुसार कंटेनर चालक कमल सिंह, निवासी हल्द्वानी उत्तराखंड, शनिवार रात कंटेनर लेकर दिल्ली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। हाईवे पर आगे चल रहे कैंटर का सही अंदाजा न लग पाने के कारण कंटेनर पीछे से उसमें जा टकराया। टक्कर के बाद कंटेनर के पीछे चल रही दो कारें भी नियंत्रण खो बैठीं और कंटेनर में पीछे से घुस गईं।हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही थाना पाकबड़ा पुलिस मौके पर पहुंची।



पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया गया। करीब काफी देर बाद यातायात को सुचारु कराया जा सका।घायल कंटेनर चालक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण घना कोहरा और कम दृश्यता प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### बिलारी में एसआईआर प्रक्रिया तेज, विशेष बूथों के माध्यम से हो रहा मतदाता कार्य



**बिलारी।** उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह के निर्देशन में बिलारी क्षेत्र में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को गति दी गई है। इस क्रम में नगर क्षेत्र में विशेष बूथों का आयोजन किया गया, जहां बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से संबंधित कार्यवाही की जा रही है। उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि नए मतदाता जोड़ने, नाम संशोधन तथा मतदाता स्थानांतरण की प्रक्रिया तेजी से संचालित की जा रही है। नगर के विभिन्न बूथों पर बीएलओ तैनात हैं, जो फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाता पंजीकरण, जबकि फॉर्म-8 एवं फॉर्म-8ए के जरिए नाम संशोधन और मतदाता स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी विशेष बूथों का आयोजन 31 जनवरी और 1 फरवरी को पुन: किया जाएगा। जिन नागरिकों के मतदाता सूची में नाम जोड़ना, संशोधन कराना या स्थानांतरण कराना शेष है, वे इन विशेष बूथों का लाभ उठाकर एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। यह विशेष बूथ कंपोजिट विद्यालय, कोठी स्कूल, कन्या जूनियर उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्ला, गन्ना समिति कार्यालय तथा शंकर सहाय हर सहाय स्कूल में लगाए गए हैं।

### मुख्यमंत्री जन-आरोग्य मेलों का निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाएं परखी गई



**बिलारी (मुरादाबाद)।** बिलारी क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री जन-आरोग्य मेलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योंडारा एवं इब्राहिमपुर सहित अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर लगाए गए आरोग्य मेलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। चिकित्सक अधीक्षक डॉ. राजपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-आरोग्य मेले आम जनमानस को उनके घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं।

इन मेलों के माध्यम से मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी, शुगर की जांच, आवश्यक दवाओं का नि:शुल्क वितरण, आयुष्मान भारत योजना की जानकारी तथा विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान की जाती है। निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मी उपस्थित मिले और सेवाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक लोगों को आरोग्य मेलों का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के आरोपी को गिरफ्तार, सामान बरामद

**बिलारी।** थाना बिलारी पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले में आरोपी अजय पुत्र मुन्नालाल, निवासी ग्राम बरौली रुस्तमपुर, को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर किराये पर चल रहे ई-रिक्शा को चोरी कर ले जाने का आरोप है।



पुलिस के अनुसार पीड़ित विमल पुत्र भागीरथ, निवासी ग्राम असालतपुर जरई, थाना चंदौसी, जनपद संभल की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके कब्जे से ई-रिक्शा से संबंधित दो बैटरियां, कंट्रोलर तथा चार्जर बरामद किए गए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

# किसान पंचायत को सफल बनाने के लिए किसान नेताओं ने 20 गांवों का किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चौधरी चरण सिंह फाउंडेशन में आयोजित होने वाली किसान पंचायत को सफल बनाने के उद्देश्य से किसान आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेताओं ने आज क्षेत्र के लगभग 20 गांवों का व्यापक दौरा किया। रविवार को जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व प्रेम कुमार शाकिर मलिक, महावीर सिंह, राजपाल सिंह एवं परम सिंह ने किया। दौरे के दौरान नेताओं ने नरसरा, इमरतपुर, नासिरपुर, अलापुर, स्योड़ारा, बैरनी, राजथल, जहांगीरपुर सहित अनेकों गांवों में किसानों से सीधा संवाद कर पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान के तहत 8 गांवों में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया, जहां किसानों के साथ पंचायत के उद्देश्य, एजेंडा एवं भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इन बैठकों में किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पंचायत को लेकर उत्साह दिखाई दिया।इस किसान पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में किसान नेता राकेश टिकैत की उपस्थिति प्रस्तावित है, पंचायत में फसल के उचित मूल्य, सिंचाई सुविधाएं, किसानों की समस्याएं और सरकारी नीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

किसान नेताओं ने बताया कि बिलारी क्षेत्र में आयोजित होने वाली यह पंचायत एक ऐतिहासिक और विशाल आयोजन होगी, जिसमें हजारों किसानों के शामिल होने की संभावना है।

उन्होंने सभी गांवों के किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान आंदोलन को नई दिशा प्रदान करें।

## खुरपका-मुंहपका से बचाव को लेकर 22 जनवरी से पशुओं को लगेगा टीका

**कांठ (शाह टाइम्स)** पशुपालन विभाग द्वारा जिले में पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत लगभग 4 लाख 50 हजार पशुओं को 22 जनवरी से टीके लगाए जाएंगे।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त प्रजापति ने बताया कि मौसम में पशुओं में खुरपका-मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान का खतरा बना रहता है।

इसे देखते हुए सरकार द्वारा पशुओं के लिए आवश्यक वैक्सीन पशुपालन विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी, ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके।

# वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र के तीसरे दिन आज दिनांक 18/01/2026 को प्रशिक्षण का शुभारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना से किया गया। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में हाउस फायर पार्टी संगठनष के बारे में बताया गयाष । दूसरे सेशन में फायर सर्विस ऑफिसर द्वारा अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग की विधि को समझाया गया। तीसरे दिन के अंतिम सेशन में श्री सतीश कुमार




सहायक उपनियंत्रक द्वारा अग्निशमन कर्मियों के लिए स्थाई अग्निशामक प्रणाली, पी पी ई किट आदि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, डॉ शफीक अहमद, अनुज गुप्ता, राज. विमल शर्मा आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# एनएसएस के शिविर में यातायात सड़क सुरक्षा के प्रति किया स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक

**कांठ (शाह टाइम्स)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन छात्र इकाई के स्वयं सेवकों ने मौढ़ी हजरतपुर एवं छात्रा इकाई की स्वयं सेविकाओं ने गुलड़िया में यातायात सड़क सुरक्षा के संबंध में रैली का आयोजन किया एवं यातायात नियमों की अनदेखी में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर यातायात के नियमो का पालन करते हुए सीमित गति से वाहन चलाने की प्रेरणा दी। स्वयंसेवकों ने जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को विशेषकर युवा वर्ग को यातायात संबंधी नियमो का पालन करने एवं सुरक्षित यातायात के लिए प्रोत्साहित किया। दिन के दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन




किया गया जिसका शुभारंभ थाना कांठ से पधारे उप निरीक्षक राहुल राघव एवं कमलदीप, हेड कांस्टेबल ट्रैफिक पुलिस विपिन कुमार एवं कांस्टेबल अक्षय उपाध्याय के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ-साथ यातायात सड़क सुरक्षा पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संगोष्ठी में यातायात नियमों पर स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन करते हुए उप निरीक्षक राहुल राघव एवं कमलदीप ने कहा कि हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करनी चाहिए एक सीमित गति पर वाहन चलना चाहिए नशे की हालत में कभी वाहन नहीं चलना चाहिए हेड कांस्टेबल ट्रैफिक पुलिस विपिन कुमार ने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करनी चाहिए 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्रा ध्यान दें जिनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बना हुआ है उन्हें ड्राइविंग नहीं करनी चाहिए। संगोष्ठी के उपरांत प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने सभी अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मदन सिंह उप निरीक्षक राहुल राघव एवं कमलदीप (ट्रैफिक पुलिस हेड कांस्टेबल) विपिन कुमार एवं कांस्टेबल अक्षय उपाध्याय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह निशिकांत पाठक के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन कक्षा 12 की छात्रा धानी ढाका एवं आफिया परवीन ने किया।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र अंशुल शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती दीक्षा शर्मा उर्फ मीनल को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। वेद प्रकाश शर्मा पुत्र भूकन शर्मा व संगीता शर्मा पत्नी वेद प्रकाश शर्मा, निवासीगण 1बी/411/1 बुद्धि विहार थाना मझोला जिला मुरादाबाद।

# अखिल भारतीय प्रतियोगिता मे मुरादाबाद केवीके अग्रवाल को मिला लेपटॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया । आयोजन के प्रारंभ में पं वीरेंद्र आर्य ने डा. आलोक आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ सम्पन्न कराया तत्पश्चात गोविंदराम आर्य और शिवम् आर्य ने ईश्वर भक्ति भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डा राम मुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया और आर्य विद्वान कपिल मुनि ने अपने विचार व्यक्त किये। आर्य समाज के मंत्री रमेश सिंह आर्य ने इस अवसर पर सभा को अवगत कराया कि विगत दिनों आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अमर याज्ञिक महाशय धर्मपाल(एम डी एच)की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय सत्यार्थ प्रकाश स्वाध्याय प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी जिसमें मुरादाबाद के वी के अग्रवाल(सेवानिवृत सहायक जनरल मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक)ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर मुरादाबाद का गौरव बढ़ाया है।

कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान डा अभय श्रोत्रिय और पूर्व प्रधान डा रामनरेश सिंह ने पुरस्कार वितरण समारोह से प्राप्त लेपटाप वी के अग्रवाल को प्रदान कर हर्ष व्यक्त किया और उनको शुभकामनाएं अर्पित की। इस अवसर पर अरबिंद आर्यबंधु, कपिल



मुनि, वेद मुनि, यशपाल वानप्रस्थी, ज्ञानप्रकाश भगत, रानी, कोमल, अंशिका, सुरुचि, प्रज्ञांशू आर्य, दिनेश दीक्षित रामाशंकर आर्य, मथुरा प्रसाद आर्य,राजेश नारंग,रामाशंकर आर्य ,सतीश मदान संतोष कुमार गुप्ता , अमित और सुमित खुशबू आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार की मौत, पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया





**कांठ (शाह टाइम्स)** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया मृतक के पास से मिले कागजों से उसकी पहचान विनीत कुमार बिश्नोई पुत्र आनंद कुमार निवासी फकीरगंज के रूप में की गई है। बताया गया कि विनीत की 6 साल की बेटी की सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए बरेली में परीक्षा थी उसकी पत्नी और पिता बच्ची को लेकर बस द्वारा बरेली के लिए निकले लेकिन कुछ कागज अटेस्ट करने को दिए थे जिन्हें विनीत ने सुबह 8 बजे अगवानपुर चौराहे पर जाकर पत्नी को सौंपे और वहां से वापस आ रहा था जैसे ही वह महमूदपुर रजवाहे से नंगले की पुलिया के पास पहुंचा सामने से आ रहे अज्ञात बाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शब पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गया है।

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं०:** 437/2025
**तारीख पेशी:** 23.01.2026
**सुमित कुमार उर्फ अमित बनाम विशाल आदि।**
**बनाम**
1. जनता आम

चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 23.01.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 16.01.2026 दिवस को निकाली गई।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०)/फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**ओ०एस० संख्या:**-280 सन् 2022
**तारीख पेशी:** 19.02. 2026
**रईस अहमद बनाम इश्तियाक।**
रईस अहमद पुत्र छोटे अली निवासी मकान नम्बर 120/8 मुगलपुरा प्रथम निकट नाल वाली मस्जिद मुरादाबाद।
**बनाम**
1. इश्तियाक हुसैन पुत्र सादक हुसैन निवासी मौहल्ला अंगूरवाली मस्जिद पाकबड़ा, मुरादाबाद (मृतक), 1/1- श्रीमति नसीमा पत्नी इश्तियाक हुसैन नि. मौ0 अंगूरवाली मस्जिद पाकबड़ा मुरादाबाद-**विपक्षी/प्रतिवादी।**
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 19 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 16 के माह 01 सन् 2026 को जारी किया है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, जनपद-मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश, मुरादाबाद**
**वाद संख्या:**-624 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 10.02. 2026
**जरका मसूद बनाम सुहेल अहमद**
श्रीमती जरका मसूद, आयु लगभग 29 वर्ष, पत्नी श्री सुहेल अहमद, पुत्री बाबर मसूद निवासी मौहल्ला-आजादनगर, मुरादाबाद वारिन्द हाल मौहल्ला मुगलपुरा, खारी कुआ, जिला मुरादाबाद।-**प्रार्थनी/वादनी।**
**बनाम**
सुहेल अहमद आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र स्व. श्री नूर अहमद, नि. मौहल्ला आजादनगर, नियर नसीमा मस्जिद, मुरादाबाद। -**विपक्षी/ प्रतिवादी।**
हरगाह **वादनी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत वाद पत्र अर्न्तगत धारा-144 बी0 एन0 एस0 एस0 के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 10 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 16 के माह 01 सन् 2026 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय जनपद-मुरादाबाद।**

## एक नजर

### मोहित सिंह राघव को समाजवादी पार्टी में मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स, ब्यूरो )।** मोहित सिंह राघव निवास चाऊ की बस्ती लाइनपार मुरादाबाद को राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश के अनुसार समाजवादी पार्टी में आपकी निष्ठा



और सक्रिय योगदान को देखते हुए मुरादाबाद 28 नगर विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। आपसे अपेक्षा की जाती है की आप अपने पद का दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एव पार्टी की नीतियों को ध्यान में रखते हुए करेंगे। प्रत्येक माह की मासिक बैठक व आंदोलनों एव पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर भरपूर सहयोग करेंगे और समाजवादी पार्टी के संगठन को प्रभावी गतिशील एव मजबूत करने के लिए सदेव प्रयासरत रहेंगे।

मोहित सिंह राघव को उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बधाई दी है। मोहित सिंह राघव ने पार्टी के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वे पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### उत्तरायण–2026 का भव्य समापन, संस्कृति व एकता का संदेश



**मुरादाबाद।** उत्तरांचल जन चेतना परिषद के तत्वावधान में आयोजित उत्तरायण–2026 (उत्तरायणी कौतिक) का समापन आज हर्षोल्लास, सांस्कृतिक गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं एवं जनभावनाओं का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोकगीत, लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। वक्ताओं ने उत्तरायणी पर्व के ऐतिहासिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।उत्तरांचल जन चेतना परिषद के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगकर्ताओं, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। परिषद ने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में भी उत्तराखंड की संस्कृति, एकता एवं सामाजिक चेतना को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

कार्यक्रम का समापन "जय बद्रीख्रकेदार" एवं "उत्तराखंड देवभूमि अमर रहे" के नारों के साथ हुआ।कार्यक्रम में विजयपाल सिंह भंडारी ,अध्यक्ष, हरीश बोरा ,महामंत्री, हरेंद्र शर्मा गोविंद सिंह शाही देवेंद्र सिंह बिष्ट कृपाल सिंह बिष्ट विपिन भट्ट दीपक जोशी अखिलेश जोशी हरीश मेहरा चंदन मेहरा दौलत राम शर्मा शैलेंद्र जुयाल जुयाल रूपेंद्र सिंह बिष्ट प्रमोद जोशी चेतन मेहता दयानंद सुयाल नारायण सिंह नेगी हेमंत अवस्थी गोखरण मार्तोलिया आदि मौजूद रहे।

### मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में साइबर क्राइम पर विशेष सत्र




**कुंदरकी।** मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में 7 दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन सभी स्वयंसेवक सेविकाओं ने साइबर क्राइम से सावधान सुरक्षा एवं सही प्रकार से मोबाइल का उपयोग करना है इसके बारे में विस्तार से बताया आज के मुख्य अतिथि श्री रविंद्र कुमार गुप्ता जी पूर्व प्रधानाचार्य ने साइबर क्राइम के बारे में बताया और इसके प्रकार भी बताएं तथा कालेज प्रधानाचार्य अजय प्रकाश शर्मा जी ने मोबाइल का सही उपयोग करने के बारे में सभी स्वयं सेवक सेविकाओं बताया तथा इनमें कुछ स्वयंसेवक सेविकाओं ने भी अपने विचार रखें।

जिसमें गुलाम आफरीन अनम खान नोहिदा खान समरीन अतुल कुमार जुबेदा खान अखलदा आदि छात्र–छात्राओं ने साइबर क्राइम के बारे में अपने विचार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम में अमित कुमार श्रीमती रुचिका शर्मा प्राथमिक विद्यालय हरियाणा आदि का सहयोग रहा तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम वीर सिंह द्वारा किया गया।



## कार्यालय ग्राम पंचायत पीलकपुर गुमानी वि० खं०–ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/2025–26 दिनांक: 17.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड–ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत पीलकपुर गुमानी के मनरेगा मद से कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री आपूर्ति की सीलबंद निविदा दिनांक 25.01.2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन समय 4.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा सामग्री विवरण | सामग्री प्राक्लन लागत ( रूपये में ) | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत पीलकपुर गुमानी में अय्यूब के मकान से कय्यूम के मकान तक नाली व सीसी टाईल्स नि. कार्य। | सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 175645.00 | 2% | 500/– | 3 माह |
| 2. | पीडब्लूडी रोड से लियाकत के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 118115.00 | ,, | ,, | ,, |
| 3. | प्रीतम सिंह के मकान से धर्मेन्द्र सिंह के मकान तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 245959 | ,, | ,, | ,, |

**अनुबंध/शर्ते:**–1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान–पीलकपुर गुमानी**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


# बाइकों की आमने–सामने की जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ढकिया मार्ग पर तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने सामने की भिड़त हो गई। जिसमें दोनो बाइक सवार लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर तीन घायलों की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने हायर सैंटर रैफर कर दिया। जिसमें घायल नदीम अहमद की काशीपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना परिजनो में कोहराम मच गया।

बतादे कि थाना डिलारी के गांव ढकिया निवासी मोहम्मद नदीम पुत्र मुजाहिर, उम्र करीब 28



वर्ष कतर (कतर) में काम करता था । वहां होटल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और करीब 9 दिन पहले ही भारत लौटा था। परि. जनों के अनुसार नदीम की पत्नी ने 6 दिन पहले बेटे का जन्म दिया है। शनिवार को छठी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के लिए सामान की खरीदारी करने के लिए गांव के वह अपने दोस्त शाकिब पुत्र आरिफ के साथ बाइक से ठाकुरद्वारा आया था। दोपहर बाद सामान की खरीदारी करके वापस घर लौट रहा था । वहीं थाना डिलारी के गांव मलकपुर की मडैया निवासी नमन अपने पिता के साथ बाइक से ठाकुरद्वारा की दिशा मे आ रहा थे। तभी ठाकुरद्वारा ढकिया मार्ग पर गांव पसियापूरा पदार्थ में दोनों बाइको की आमने सामने की जबरदस्त भिड़त हो गई । जिसमें दोनो बाइक सवार पिता पुत्र सहित चारों घायल हो गए। घटना की सूचना पर 108 एबुलेंस मौके पर पहुंची। जहां से एबुलेंस पर तैनात पायलेट हर्षित शुक्ला और ईएमटी शिवम् यादव घायलो को लेकर नगर के सरकारी अस्पताल उपचार के लिए लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने तीन घायलों की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

घायल नदीम के परिजनों ने उपचार के लिए काशीपुरी के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां पर नदीम की मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर मृतक की पत्नी फिरदौस जहाँ, जिनसे करीब एक साल पहले बहादरगंज डिलारी में शादी हुई थी, का रो–रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गंभीर से रूप घायल पिता पुत्र का उपचार जारी है।

## धोखे से निकाह कर छोड़ने का आरोप विवाहिता ने कोतवाली में दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** विवाहिता ने पति पर धोखे से निकाह करने और बाद में छोड़कर फरार हो जाने का लगाया आरोप पुलिस को तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग। नगर के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पति पर धोखे से निकाह करने और बाद में छोड़कर फरार हो जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार उसका निकाह करीब पांच वर्ष पूर्व आरोपी युवक से हुआ था। निकाह के बाद वह उसे अपने पैतृक घर में रखने के बजाय अलग–अलग स्थानों पर रखता रहा और काम का बहाना बनाकर अक्सर गायब हो जाता था। जब विवाहिता ने पति से स्थायी रूप से साथ रहने की बात कही तो वह टालमटोल करने लगा। महिला का आरोप है कि बाद में उसे जानकारी मिली कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और उसके कई बच्चे भी हैं। आरोप है कि आरोपी ने यह तथ्य छिपाकर केवल शारीरिक संबंध बनाने के उद्देश्य से विवाहिता से निकाह किया। जब इस बात की जानकारी होने पर महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने गलती स्वीकार करते हुए साथ रहने का आश्वासन दिया। आरोप है कि इसी बहाने 17 जनवरी को आरोपी विवाहिता को सैफनी जिला रामपुर ले गया और किराये पर मकान लेने की बात कहकर कपड़ों की दुकान पर छोड़कर फरार हो गया। काफी देर तक वापस न आने पर फोन करने पर टालमटोल की गई और बाद में मोबाइल बंद कर लिया गया। पीड़िता किसी तरह वापस अपने घर पहुंची और आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसे धोखा दिया है और उसे दर–दर भटकने के लिए छोड़ दिया।

## मतदाताओं के समक्ष मतदाता सूची का प्रकाशन उपजिलाधिकारी ने किया बूथ केंद्रो का निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** रविवार को नगर के मौहल्ला सनातन धर्म हिन्दू इंटर कालेज सहित अन्य बूथो केंद्र पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं के समक्ष मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। एसडीएम ने बूथों केंद्रो का निरीक्षण कर बीएलओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को नगर के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कालेज में बने बूथ केंद्रो और मोहल्ला जाटवान स्थित प्राथमिक विद्यालय सहित अन्य बूथों केंद्रो बीएलओ द्वारा मतदाता सूची को मतदाताओं को पढ़कर सुनाई गई तथा नए वोट बनवाने हेतु फॉर्म –6 फार्म–7, फार्म–8 और विदेश में रहने वाले व्यक्तियों के लिए फॉर्म 6 ए के विषय में बीएलओ सुहान द्वारा विस्तार से बताया गया। बूथ पर फॉर्म 6,7,8 भरे गए। मतदाता सूची संशोधन अभियान के तहत कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं बी.एल.ए. शमीम अहमद चौधरी, कांग्रेस जिला सचिव एवं बी. एल.ए. मो. दीन सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाताओं की मदद की। कांग्रेस नेताओं ने मतदान स्थलों पर जाकर नए वोट बनवाने और वोट स्थानांतरण से जुड़े फार्म 6 व फार्म 8 भरवाने में मतदाताओं और बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) को सहयोग किया। सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रीति सिंह से वोट स्थानांतरण और नए वोट की प्रक्रिया को लेकर बातचीत की। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि जिन लोगों का वोट स्थानांतरित होना है, वे 2003 की वोटर लिस्ट का ईपीआईसी नंबर, अपने पते का प्रमाण, जन्म से संबंधित कोई एक प्रमाण पत्र और फोटो लगाकर फार्म जमा करें। सभी दस्तावेज पूरे होने पर वोट बना दिया जाएगा।

इस मौके पर कांग्रेस नगराध्यक्ष शमीम चौधरी ने नए वोट बनवाने में सहयोग किया। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से अपील की कि वे समय रहते अपने वोट से संबंधित कार्य पूरा कर लें।

## विराट हिन्दू सम्मेलन के प्रचार–प्रसार के लिए प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत कुढ़फतेह गढ़ स्थित ओ.पी.एस. इंटरनेशनल एकेडमी में 23 जनवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसके लिए आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र में प्रचार–प्रसार हेतु रविवार को एक प्रचार वाहन को आर.एस.एस. से जिला कारवां अशोक कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान संघ जिला कार्यवाह अशोक कुमार, थानसिंह, नीरज कुमार, राम नरेश, प्रदीप चौहान, सुमित कुमार, कुलदीप चौहान, महेंद्र पाल, बंटी गोस्वामी, विशाल, मनजीत, लकी मिश्रा, मेघेश, भोजराज, बिट्टन सिंह, कुलदीप



ठाकुर, राजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। प्रचार वाहन के माध्यम से क्षेत्र में गांव–गांव जाकर हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। आयोजन समिति द्वारा सभी सदस्यों को कार्यक्रम सम्बंधी जिम्मेदारियां सौप दी गई है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्ती, कोर्स–कमीशन और फीस बढ़ोतरी पर लगेगा भारी जुर्माना

**चन्दौसी।** अब निजी स्कूल संच. ालक अभिभावकों और छात्र–छात्राओं को किसी निश्चित दुकान से कोर्स या किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति–2018 के तहत इस प्रकार की मनमानी और कमीशनखोरी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर पहली बार एक लाख रुपये का जुर्माना, दूसरी बार पांच लाख रुपये का जुर्माना तथा तीसरी बार विद्यालय की मान्यता निरस्त की जाएगी। अब तक कई निजी विद्यालयों में यह शिकायत सामने आती रही है कि स्कूल प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य दुकानदारों से 40 से 60 प्रतिशत तक कमीशन लेकर अभिभावकों को चयनित दुकानों की पर्ची व स्कूल की मुहर लगाकर कोर्स सेट खरीदने के लिए मजबूर करते थे। जिलाधिकारी डॉ.



राजेन्द्र पैंसिया ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बच्चों पर किसी भी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं डाला जाए और इस तरह की अप्रत्यक्ष वसूली को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि अंग्रेजी माध्यम एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय मनमाने ढंग से हर वर्ष स्कूल ड्रेस और फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित नियमों का शत–प्रतिशत पालन अनिवार्य होगा। यदि किसी विद्यालय की वार्षिक फीस 20 हजार रुपये से अधिक है, तो उसे विभाग से पूर्व अनुमति लेनी होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नए शैक्षिक सत्र में किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय के विरुद्ध शिकायत मिलने पर तत्काल जांच की जाए। विशेष रूप से उन स्कूलों की जांच होगी, जिनकी मान्यता कक्षा 5 से 8 तक की है, लेकिन वे कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं संचा. लित कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों पर जांच के बाद भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही निजी पुस्तकों के स्थान पर एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य रूप से लागू की जाएंगी और समय–समय पर उनकी जांच होगी। विद्यालयों में योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य होगी, क्योंकि कई बार बीए–बीएससी की छात्राओं से शिक्षण कार्य कराए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो नियमों के विरुद्ध है।

### मोनी अमावस्या पर खीर का वितरण किया गया

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू मे बाबा जाहरवीर मन्दिर पर मोनी अमावस्या पर खीर का वितरण किया गया जिसमे मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द



कुमार पुडीर, राजेश सिंह,हिमांशु ठाकुर,रनवीर सिंह, सुभाष सिंह,रवि कुमार, नरेश सिंह, मनोज कुमार, नीरज कुमार, सतवीर सिंह, मनोज कुमार, राजकुमार सिंह,प्रमोद कुमार, खेमपाल सिंह,सनोज कुमार, रानू सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, नीरज कुमार, मुकेश कुमार,गौरव कुमार, ववली कुमार,यशपाल सिंह, विश्वजीत,प्रखर कुमार, विकाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आकिब अंसारी ने बनाई नाबाद 100 कि पारी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार किया हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** आईटीएम इलेवन कुंद. रकी के कप्तान फिरोज पाशा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया उनका यह निर्णय घातक साबित रहा और 20 ओवर के निर्धारित मैच में आईटीएम 172 रन ही बना पाई आईटीएम के बल्लेबाज अभिषेक ने सर्वाधिक 64 रनबनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरूज स्पोर्ट्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में ही 172 रन बना डाले अरूज स्पोर्ट्स की ओर से आकिब अंसारी ने 101 रन नॉट आउट बनाए उनके साथी बल्लेबाज मुकीम ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 30 रन का योगदान



दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चर्चित न्यूरो सर्जन डॉ मोहम्मद आमिर मुरादाबाद जेम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ रियाज पाशा जिला पंचायत सदस्य मुनशाद हुसैन पाशा आईटीएम ग्रुप के प्रशासक आरिफ पाशा एड मशहूर यूट्यूब मुश्फिक राजा ललवारा के ग्राम प्रधान नावेद नवाब आसिफ पाशा एडवोकेट हाजी मोहम्मद जावेद आदि ने विजेता उपविजेता टीमों के कप्तानों को और उनकी टीमों के कोचों को ट्राफियां भेंट की स हबीबी प्रीमियर लीग में सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अभिषेक चौधरी को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के अवार्ड मोहम्मद नादिर को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर मोहम्मद आलम को सर्वश्रेष्ठ बॉलर मोहम्मद आसिफ को सर्वश्रेष्ठ फील्डर मोहम्मद बिलाल को मैच में अच्छी अंपायरिंग करने के लिए बिट्टू अंसारी सर्वश्रेष्ठ कमेंटेटर का अवार्ड मास्टर आसिफ और मोहम्मद अजीम स्कोर का अवॉर्ड गौस ए आजम को टूर्नामेंट आयोजन मोनिश टूर्नामेंट में आए हुए सभी दर्शकों खिलाड़ियों और मेहमानों का शुक्रिया अदा किया एक तरफ जहां पर जीतने वाली टीम जीत के जश्न में डूबी हुई थी वहीं दूसरी तरफ मैच में परा. जित हुई टीम आईटीएम के खिलाड़ी भी भावुक हो गए



### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अमित कुमार रस्तोगी व उसकी पत्नी सर्वेश कुमारी गलत संगत व गलत आचरण में पड़ गए है। मेरे तथा परिवार के साथ काफी अभद्र व्यवहार कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। जिस कारण तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल लादावा कर दिया है। अब भविष्य में मेरा तथा मेरे परिवार का उनसे कोई भी संबंध व मतलब वास्ता नहीं होगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। कमल किशोर रस्तोगी पुत्र रामनिवास रस्तोगी मोहल्ला बाड़वान थाना व तहसील धामपुर जिला बिजनौर।

### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि विक्रेता मधु गुप्ता पत्नी डॉ0 सुधीर मोहन गुप्ता जिसकी गाटा सं0 777 बहजोई है, क्रेता गढ़ प्रीति यादव पत्नी उदयपाल सिंह वहीं नं. 01 जिल्द नं 4409 पेज 221/252 क्रमांक 13530 विक्रेतागढ़ मधु गुप्ता पत्नी डॉ0 सुधीर मोहन और क्रेती प्रीति यादव वही नं0 01 जिल्द नं 4409 पेज 233/244 क्रमांक सं 13531 जो कि मुरादाबाद रजिस्टर में 04/11/2021 को बैनामा पंजीकृत हुए ये एंव विक्रेता प्रीति यादव पत्नी उदयपाल सिंह क्रेता धीरेन्द्र पाल व अरुण पुत्र राजकुमार सिंह वही नं 01 जिल्द नं. 5043 पेल 151/160 क्रमांक संख्या 15034 दिनांक 14/12/2012 को विक्रय अनुबंध मुरादाबाद रजिस्टर में पंजीकृत हुआ था। जो आने जाने में कहीं खो गयी है। उस सम्पति के संबंध में उम्मीद हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड जिसकी शाखा दिल्ली रोड, मुरादाबाद द्वारा स्वीकृत जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति विशेष को किसी सरकारी संस्था अथवा गैर सरकारी संस्था को उक्त सम्पति के संबंध में स्वीकृत किये जाने के संबंध में कोई दावा हो तो प्रकाशन की अवधि के 7 दिन के अन्दर–अन्दर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे अन्यथा मेरे पक्षकार उम्मीद हाउसिंग लिमिटेड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**साचिन मिश्रा (एडवोकेट)**
विधिक सलाहकार उम्मीद हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, मुराबाबाद, 24401,मोबाइल नं.–8455333602, 9457215213.




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591–2313314
मुख्यालय:
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## नया गांव में ई रिक्शा की चपेट में आने से 6 साल के बच्चे की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के नयागांव आंबेडकर नगर में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में ई–रिक्शा की चपेट में आने से छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद ई–रिक्शा चालक घायल बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक अस्पताल से फरार हो गया। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार नयागांव आंबेडकर नगर निवासी रनपाल सिंह एक फर्म में मजदूरी करते हैं। रविवार को उनका छह साल का बेटा हिमांशु खेलते–खेलते पास ही रहने वाली अपनी नानी मथिलेश देवी के घर चला गया था। वह नानी के घर से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह घर से पहले गली में पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ई–रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई–रिक्शा का पहिया बच्चे के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद मोहल्ले में ही किराये पर रहने वाला ई–रिक्शा चालक बिना परिजनों को सूचना दिए घायल बच्चे को लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंच गया। वहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। कुछ ही देर में रोते–बिलखते परिजन और मोहल्ले के लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंच गए।घटना की सूचना मिलते ही मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार ई–रिक्शा चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप पत्नी समेत कई पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वार।** युवक को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने पत्नी समेत उसके मायके पक्ष व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि अवैध संबंधों, धमकियों और भारी रकम की मांग से तंग आकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाया। जानकारी के अनुसार ग्राम करनावाला खालसा निवासी मुनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र मोहित कुमार का विवाह 7 दिसंबर 2023 को अनीता पुत्री महावीर सिंह निवासी हासमपुर मूढ थाना बछरायूं जिला अमरोहा से खुशी फार्म हाउस में हुआ था। आरोप है कि विवाह से पूर्व और बाद में अनीता के कुछ युवकों से अवैध संबंध थे, जिसकी जानकारी दोनों पक्षों को थी। कई बार समझाने, पंचायत कराने और पारिवारिक स्तर पर बातचीत के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि अनीता, उसके परिजन व रिश्तेदार लगातार मोहित को झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मरवाने की धमकियां देते थे। इसी दौरान आरोपियों द्वारा कथित रूप से 50 लाख रुपये की अवैध मांग भी की गई। मांग पूरी न होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। मृतक के पिता के अनुसार, मोहित अत्यधिक मानसिक दबाव में था और लगातार भय व प्रताड़ना झेल रहा था। घटना के बाद उसके बैग से पांच पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें पूरी घटना और प्रताड़ना का उल्लेख है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर पत्नी अनीता, उसके माता–पिता, ममेरा ससुर, ममेरा भाई, जीजा, बहनों तथा कथित प्रेमी मौ. हसीब और डॉ. राजीव यादव सहित अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, सुसाइड नोट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सार्वजनिक शौचायल का ताला तोड़ बिजली की मोटर चोरी

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली के हल्का एक में पुलिस गश्त न होने के कारण चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। बीती रात अज्ञात चोर फैजुल्लागंज में खोखर मंदिर के निकट बने सार्वजनिक शौचालय के ताले तोड़ कर बिजली की मोटर चोर कर ले गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज में शिव मंदिर के निकट ठाकुरद्वारा फैजुल्लागंज मार्ग पर सर्वजनिक शौचालय है। बीती रात अज्ञात चोरों ने शौचालय का ताला तोड़ कर बिजली की मोटर चोर कर फरार हो गए। सुबह जब लोगों ने देखा तो शौचालय से बिजली मोटर गायव थी। बतादें कि पुलिस की लापरवाही के कारण हल्के में गश्त नही हो पा रही है। जिससे चोरी की घटनाएं बढ़ रही।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस दिन में नही दिखायी तो रात में क्या गांव में आएगी। पुलिस की कायप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए चोर की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

# इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब

**मुंबई, वार्ता।** इथियोपियाई धावक टाडू अबाटे और एशी चेकोले ने रविवार को आयोजित हुई मुम्बई मैराथन में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। अबाटे का यह चौथा अंतर्राष्ट्रीय फुल मैराथन खिताब है। उन्होंने 2:09:55 के समय के साथ पुरुष एलीट वर्ग में शीर्ष पर रहे। केन्या के लियोनार्ड लंगाट 2:10:10 के समय के साथ दूसरे स्थान, जबकि पिछले एडिशन के उपविजेता इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे ने 2:10:22 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।



2023 के विश्व चैंपियन युगांडा के विक्टर किपलांगट 2:11:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में, एशी चेक. ोले ने टॉप स्थानों पर इथियोपियाई धावकों का दबदबा बनाया, उन्होंने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। किडसन एलेमा गेब्रेमेडिन 2:27:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर, गोज्जाम त्सेगाए एनएव 2:28:27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इथियोपिया की मदीना आर्मिनो, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रही थीं, 2:33:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट महिलाओं में, संजीवनी जाधव ने अपने मुंबई मैराथन डेब्यू में शीर्ष पर रही।

उन्होंने 2:48:58 का समय निकालकर निर्मबेन ठाकोर को खिताब की हैट्रिक बनाने से रोक दिया। ठाकोर 2:49:07 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सोनम ने 2:49:21 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में, कार्तिक करकेरा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रहे, वे 2:19:55 के समय के साथ 2:20:00 से कम समय में दौड़ने वाले एकमात्र भारतीय बने। पूर्व चैंपियन अनीश थापा 2:20:08 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रदीप चौधरी ने 2:20:49 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चीन के झांग पहले राउंड में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीन के सबसे सफल पुरुष खिलाड़ियों में से एक, झांग झिझेन रविवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन 18वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हार गए। मार्गरेट कोर्ट एरिना में गर्म मौसम में, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण रखा और दो घंटे और आठ मिनट में 6.3, 7.6 (0), 6.3 की जीत में 38 विनर्स लगाए। यह लगातार दूसरा साल था जब पूर्व विश्व नम्बर 31 झांग सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में कोई मैच नहीं जीत पाए। दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी सेरुंडोलो अब बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहर से खेलेंगे। सेरुंडोलो ने कहा, ष्मैंने आज बहुत अच्छा खेला, और मैं बहुत खुश हूं। यह साल शुरू करने का एक शानदार तरीका है।ष सेरुंडोलो कभी भी किसी मेजर के चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़े हैं। यह झांग के लिए निराशाजनक था।

# सोनमेज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंड्रोवा को हराया

**मेलबर्न, वार्ता।** क्वालीफायर जेनेप सोनमेज ने खेल भावना, हॉट शॉट्स और आखिरकार तुर्की के इतिहास का एक हिस्सा पेश किया, जब वह तीसरे सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद नम्बर 11 सीड एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7.5, 4.6, 6.4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत हासिल की।



23 साल की सोनमेज ने अपने करियर की दूसरी टॉप 20 जीत हासिल की (पिछले साल बीजिंग में क्लारा टौसन को हराने के बाद), और ओपन एरा में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैच जीतने वाली पहली तुर्की महिला बनीं। पिछले साल, वह कागला बुयुकाकके के बाद यहां मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करने वाली दूसरी तुर्की महिला बनीं, जो 2017 में अपने एकमात्र मुख्य-ड्रॉ उपस्थिति में पहले राउंड में हार गई थीं। 2 घंटे, 37 मिनट का यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सोनमेज ने पहला सेट 5.2 से पीछे होने के बाद जीता, एक सेट प्वाइंट बचाया, और लगातार सात गेम जीते( वह दूसरा सेट 3-1 से आगे होने के बाद हार गईं क्योंकि एलेक्जेंड्रोवा ने अगले नौ में से आठ गेम जीते( लेकिन निर्णायक सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद, सोनमेज ने फिर से लय पकड़ी और आखिरी सात में से छह गेम जीते, एलेक्जेंड्रोवा के बैकहैंड नेट पर लगने के साथ ही उन्होंने अपना चौथा मैच प्वाइंट जीता। सोनमेज की तीसरे सेट में वापसी दिन के सबसे अच्छे प्वाइंट में से एक से शुरू हुई, जो रैली बनाने की एक मास्टरक्लास थी। जब एलेक्जेंड्रोवा 3-1, 15-30 पर सर्व कर रही थीं, तो सोनमेज ने एक शक्तिशाली एंगल्ड फोरहैंड से कोर्ट खोला। उसने एलेक्जेंड्रोवा को ड्रॉप शॉट से नेट के पास खींचकर यह किया, और हालांकि एलेक्जेंड्रोवा ने अपने जवाब में अच्छी स्पीड बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## ज्वेरेव ने धीमी शुरुआत के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई

**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को मेलबर्न में गैब्रियल डियालो के खिलाफ चार सेट की जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी धीमी शुरुआत पर काबू पाया। रॉड लेवर एरिना के सेंटर कोर्ट पर गर्म मौसम में, जर्मन खिलाड़ी ने 24 वर्षीय डियालो को दो घंटे और 43 मिनट में 6-7 (1), 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले साल मेलबर्न पार्क में फाइनल में हारने वाले ज्वेरेव को तब थोड़ी घबराहट हुई जब वह पहले सेट के टाईब्रेक में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभाला और अपने जाने-माने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक से पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण कर लिया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने कहा, ष्पहला सेट मेरा सबसे अच्छा टेनिस नहीं था, लेकिन उसके बाद जब मैं मैच में आया, तो मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा और मैं निश्चित रूप से अपने खेल के स्तर से खुश हूं। ज्वेरेव की पहली बड़ी जीत की तलाश जारी रहेगी जब वह अगले मैच में ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपी. रिन या फ्रांस के अलेक्जेंडर मुलर से खेलेंगे।

## उस्मान सदात, महबूब खान के अर्धशतकों से अफगानिस्तान ने बनाए 262/6

**विडहोक, वार्ता।** उस्मान सदात (88) और कप्तान महबूब खान (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह विकेट पर 262 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खालिद अहमदजई और उस्मान सदात की सलामी जोड़ी ने अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 18वें ओवर में विटेल लॉज ने खालिद अहमजई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# आईपीएल मैचों से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को सशर्त मंजूरी

**बेंगलुरु।** भले ही 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन कर्नाटक सरकार ने इस जगह को इंटरनेशनल क्रिकेट मैच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेजबानी के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है।

गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने कहा कि यह फैसला कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन और उन पर रखे गए ष्भरोसेष् पर आधारित है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए, परमेश्वर ने कहा कि सरकार का फैसला कई निरीक्षणों और समिति की रिपोर्टों के बाद आया है, लेकिन यह भी माना कि सुरक्षा शर्तों का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, ष्उन्होंने लिखित में दिया है कि वे शर्तों को पूरा करेंगे। हमने उन पर भरोसा किया है। गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, ष्समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था। बाद में सिफारिशों की जांच के लिए एक कैबिनेट-स्तरीय समिति का गठन किया गया, जबकि महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक अलग समिति ने भी अनुपालन की स्थिति का अध्ययन किया। परमेश्वर ने कहा कि महेश्वर राव समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, और नई कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन समिति ने कहा है कि वह सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करेगी। यह देखते हुए कि आईपीएल मार्च में शुरू होने वाला है, परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले अल्पकालिक शर्तों को पूरा करना होगा। उसी के आधार पर, हमने शर्तों के अधीन अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुपालन की निगरानी करती रहेगी, खासकर प्रमुख सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि वे एक और प्रमुख शर्त को भी पूरा करते हैं या नहीं, यह कहते हुए कि स्टेडियम में काम पहले ही शुरू हो चुका है।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में हजारों हुए शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में आज केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुजरात में साइकिल चलाई।

वहीं कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में खिलाड़ियों पी गोपी. चंद, दीप्ति जीवनजी, ईशा सिंह के साथ विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए। देश भर में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन आज सुबह कई जगहों पर पूरे जोश के साथ आयोजिंत किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने राजकोट के पास गोंडल में इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद में 1000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कार्यक्रम की कमान संभाली।

डा. मनसुख मांडविया ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत को फिट बनाने के लिए, हमें संडेज ऑन साइकिल में भाग लेना होगा। इस दौरान डा. मांडविया ने प्रतिभागियों से बात की और उनकी कहानियां सुनी। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि साइक्लिग सभी उम्र के लोगों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। यह कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करती है। हम सभी को एक साथ आना चाहिए और रेग. ुलर साइक्लिग करनी चाहिए। मुझे इतने सारे लोगों के साथ साइकिल चलाने में मजा आता है, यह हम सभी को एक कम्युनिटी होने का एहसास देता है, जो बहुत जरूरी है। मैं पूरे देश के भारतीयों से अपील करता हूं कि वे हर रविवार को अपने शहर में किसी जगह पर इसमें शामिल हों। उन्होंने कहा कि कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जिंतने उसके नागरिक। अगर हमें अपने सपनों का विक. सित भारत बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर भारतीय अपनी सबसे अच्छी शारीरिक और मानसिक फिटनेस में हो ताकि हर कोई देश के विकास में योगदान दे सके। यही विजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे लिए है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजिंत देशव्यापी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन में खेल, संस्कृति और कम्युनिटी को एक यादगार नजारे में मिला दिया गया। दो लाख से अधिक जगहों पर 22 लाख से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया है। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में, हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजिंत इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां और खेल हस्तियां मौजूद थीं, जिंनमें केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी-किशन रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, बैडमिंटन के दिग्गज, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पुलेला गोपीचंद, अर्जुन पुरस्कार विजेता शूटर ईशा सिंह और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी शामिल थे।

## इटली ने जेजे स्मट्स को अपनी टी-20 टीम में किया शामिल

**रोम।** पहली बार टी-20 विश्वकप में खेलने जा रही इटली ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेजे स्मट्स को अपनी 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया है। वेन मैडसेन टूर्नामेंट में इटली की टीम की कप्तानी करेंगे। क्वालिफायर के दौरान टीम की कप्तानी जो बर्न्स ने की थी, लेकिन पिछले साल के आखिर में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को कप्तान के पद से हटाकर टीम से बाहर कर दिया गया था। इटली की इस विश्व कप टीम में दो भाइयों की जोड़ी हैरी और बेंजामिन मैनेंटी, और एंथनी और जस्टिन मोस्का भी शामिल है। एमिलियो गे चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। टीम के मुख्य को जॉन डेविसन होंगे जबकि केविन आ ब्रायन और डौगी ब्राउन को असिस्टेंट कोच बनाया गया है। इटली को टी-20 विश्व के ग्रुप सी में बंगलादेश, इंग्लैंड, नेपाल और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी-20 दल में फूलमाली व पाटिल की वापसी

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज भारती फूलमाली ने 2019 के बाद पहली बार भारत की टी-20 टीम में वापसी की है। उनके साथ ऑफ़ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को भी फरवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना गया है। 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार वनडे टीम से बुलावा मिला है। ए दोनों खिलाड़ी पिछले साल दिसम्बर में श्रीलंका के खलिाफ खेलने वाली भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा थीं। काश्वी गौतम को वनडे दल में शामिल किया गया है,



जबकि भारत ने तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर कर दिया है। रेड्डी टी-20ए दल का हिस्सा हैं, जबकि राधा ने हाल ही में टी-20 टीम से भी अपनी जगह गंवाई थी। वनडे सेट-अप का हिस्सा रहीं हरलीन देओल को टी-20 टीम से बाहर कर दिया गया है। गौतम ने आखरी बार पिछले साल मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं फूलमाली की अंतर्राष्ट्रीय वापसी मौजूदा डब्ल्यूपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए चार पारियों में 191-66 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था और चार पारियों में 172-72 के स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए थे। यह 2023 के पहले डब्ल्यूपीएल सीजन से काफ़ी बेहतर प्रदर्शन था, जहां उन्होंने तीन मैचों में 120-75 के स्ट्राइक रेट से 64 रन बनाए थे। फूलमाली ने सात साल पहले गुवाहाटी में इंग्लैंड के खलिाफ भारत के लिए डेब्यू किया था और अब तक सिर्फ़ दो अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पाटिल के लिए यह अक्टूबर 2024 में हुए टी-20 विश्व कप के बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय दौरा होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ़ ही था। चोट के कारण लगभग एक साल तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद उन्होंने पिछले साल सितम्बर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, जहां वह खतिाब जीतने वाली बारबाडोस रॉयल्स टीम का हिस्सा थीं। मौजूदा डब्ल्यूपीएल में पाटिल ने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं, जिसमें जायंट्स के खिलाफ लिया गया पंजा भी शामिल है। भारत 15 फ़रवरी से 1 मार्च के बीच तीन टी-20 और उतने ही वनडे खेलेगा।

# सबालेंका ने पहले राउंड का टेस्ट पास किया

मेलबन। वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका का लगातार चौथा ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचने का सफर रविवार को शानदार तरीके से शुरू हुआ, उन्होंने टियांत्सोआ राकोटोंमांगा राजाओनाह को हराया, जिन्होंने पहले सेट में सबालेंका को कड़ी टक्कर दी।

वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने निश्चित रूप से अपने करियर के सबसे ऊंचे रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सब कुछ लगा दिया, लेकिन दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अनुभव रॉड लेवर एरिना में 6.4, 6.1 की जीत में काम आया और रात का सेशन शुरू हुआ। सबालें. का ने पहले सेट जीतने के मोमेंटम और आत्मविश्वास का पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के आखिर में राकोटोंमांगा राजाआ. ेनाह की सर्विस तोड़कर सबालेंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। जल्दी ही, दूसरे सेट में यह बढ़त 3-0 हो गई। यह साफ था कि सबालेंका के शॉट के पीछे की ताकत राकोटोंमांगा राजाओनाह के लिए बहुत ज्यादा थी, जो अक्सर रिटर्न नेट में मार देती थीं या गेंद कोर्ट से बाहर चली जाती थी। दूसरे सेट में, सबालेंका की कोर्ट पर राकोटोंमांगा राजाओनाह की मूवमेंट को कंट्रोल करने की क्षमता ने कुछ आसान विनर्स बनाए - उन्होंने उस शाम 23 विनर्स मारे - या राकोटोंमांगा राजाओनाह से गलतियां करवाईं। तुलना के लिए, सबालेंका की पहली सर्विस की औसत गति 167 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जबकि राकोटोंमांगा राजाओनाह की 149 किलोमीटर प्रति घंटा थी। रिटर्न पर, सबालेंका ने अपने प्रतिद्वंद्वी की पहली और दूसरी सर्विस पर क्रमशघ 42: और 64: अंक जीते। इसके बाद सबालेंका ने आखिरी चार गेम में से तीन जीतकर एक घंटे और 16 मिनट का मैच खत्म किया।

# विजेंदर सिंह को एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

एनियुक्तियां एशियाई बॉक्सिग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं। बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विजेंदर सिंह की नियुक्ति, साथ ही प्रमुख एशियाई बॉक्सिग कमीशन में भारत की व्यापक उपस्थिति,



महाद्वीपीय निकाय में बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया की रणनी. तिक हिस्सेदारी को मजबूत करती है एथलीट कमीशन में नौ सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता ईरान के सैयद रोहुल्लाह हुसैनी करेंगे। एशियाई बॉक्सिग कमीशन में अन्य भारतीय प्रतिनिधियों में चंदर किशोर जेरथ (खेल और प्रतियोगिता), स्मिता कुमारी (लैंगिक समानता, विविधता और समावेशन आयोग) और चरणजीत सिंह विर्क (न्यायिक आयोग) शामिल हैं।

# युई सुसाकी के नेतृत्व में हरियाणा थंडर्स ने दिल्ली को 6.3 से हराया

**नोएडा, वार्ता।** जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई।

कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विज. ेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुक. ाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, ष्आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मेरा लक्ष्य निर्णायक तरीके से जीत दर्ज करना था,

चाहे वह पिन के जरिए हो या तकनीकी श्रेष्ठता से, और मैं अपनी योजना को अच्छे से लागू कर पाई। टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों का प्रयास उत्साहजनक रहा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा, ष्हमारी उम्मीद जीत की थी, लेकिन शुरुआती कुछ मुकाबले हमारे पक्ष में नहीं गए। ए मुकाबले कड़े और करीबी थे, एकतरफा नहीं, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम हार से सीख लेंगे, टीम के रूप में खुद को दोबारा संगठित करेंगे और आगामी मुकाबलों में मजबूत वापसी करेंगे। हरियाणा ने शुरुआत 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक के जरिए शानदार अंदाज में की। कड़े मुकाबले में काजल ने



अनास्तासिया अल्पएवा को 6-5 से हराया। दूसरे पीरियड में बनाई गई मामूली बढ़त को उन्होंने अंत तक बरकरार रखते हुए हरियाणा को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शुभम कौशिक को 13-3 से परा. जंत कर हरियाणा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच का निर्णायक क्षण 53 किग्रा महिला मुकाबले में आया, जहां युई सुसाकी ने अपनी गति, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन नमूना पेश किया। सारिका को पूरी तरह दबाव में रखते हुए सुसाकी ने मात्र 57 सेकंड में 16-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जो न केवल मुकाबले का रुख तय करने वाला पल था बल्कि एक नया लीग रिकॉर्ड भी बना। इसके बाद हैवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया ने रोनक को 13.0 से हराकर हरियाणा की पकड़ और मजबूत कर दी। 57 किग्रा महिला वर्ग में नेहा सांगवान ने कनाडा की कार्ला गोंजालेज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजिंत कर हरियाणा के लिए पांचवीं जीत सुनिश्चित की और मैच लगभग सील कर दिया। दिल्ली को पहली सफलता 65 किग्रा पुरुष वर्ग में मिली, जहां कप्तान सुजीत कलकल ने रणनी. तिक मुकाबले में तुमुर ओचिर तुलगा को 2.1 से हराया। हालांकि, हरियाणा ने जल्द ही वापसी करते हुए 62 किग्रा महिला वर्ग में इरीना कोलियाडेंको के शानदार प्रदर्शन के दम पर अंजली को 13.0 से हराकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के तुरान बायरामोव ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 8.1 से जीत दर्ज की और दिल्ली के लिए दूसरा मुक. ाबला अपने नाम किया।

# जनपद में दूसरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई एलटी ग्रेड की परीक्षा

**मुरादाबाद।** सहायक अध्यापक स्नातक श्रेणी परीक्षा का आयोजन रविवार को दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शहर में यह परीक्षा कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा का संचालन दो पालियों में किया गया, जिसमें पहली पाली में अभ्यर्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम देखने को मिली। जानकारी के अनुसार पहली पाली में कुल 11,725 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से मात्र 5,656 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 6,069 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के गैरहाजिर रहने को लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी हैरान नजर आए। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और किसी भी तरह की अनुचित सामग्री ले जाने पर पूरी



तरह से प्रतिबंध रहा।रविवार को आयोजित परीक्षा की दूसरी पाली का आयोजन केवल तीन परीक्षा केंद्रों पर किया गया। दूसरी पाली में भी परीक्षा शांतिपूर्ण रही और कहीं से किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की शिकायत सामने नहीं आई। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों और पुलिस बल की तैनाती के चलते परीक्षा पूरी तरह से व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया गया।

# कारों पर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल ट्रैफिक नियमों की उड़ाई धज्जियां

**मुरादाबाद।** महानगर में रईसजादों द्वारा कारों पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दर्जनों युवक चलती कारों की छत और खिड़कियों पर लटककर स्टंट करते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो थाना सिविल लाइन क्षेत्र का है, जहां खुलेआम ट्रैफिक नियमों की जमकर अनदेखी की गई।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कई कारें सड़क पर चल रही हैं और युवक कार की खिड़कियों से बाहर लटककर हुड़दंग मचा रहे हैं। कुछ युवक कार की छत पर बैठे हुए भी दिखाई दे रहे हैं, जिससे न केवल उनकी जान खतरे में है बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है।इस तरह की स्टंटबाजी को पुलिस प्रशासन के लिए खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।



सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश है और जिम्मेदार युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।आमजन का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में बड़े हादसे हो सकते हैं।वहीं, पुलिस सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और आरो. पियों की पहचान कर उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

## एक नजर

### बूथ दिवस पर बीएलओ ने पढ़कर सुनाई सूची और बनाए वोट



**कांठ( शाह टाइम्स )** बूथ दिवस का आयोजन रविवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर किया गया जिसमें पहुंचे बीएलओ ने अपने-अपने बूथों पर बैठकर एस आई आर के दौरान तैयार की गई मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया। जिन लोगों के नाम में कोई अशुद्धि थी उन्होंने शिकायत की तो उनके फार्म आठ भरवा कर उनका शुद्धिकरण कराया गया जबकि फॉर्म 6 भरते हुए नए वोट भी बनाए गए। पिछले दिनों नए बोट बनाने के लिए जारी की गई मूल निवास की अनिवार्यता में आज अधिकारियों ने राहत दे दी।

अब आधार और जाति प्रमाण पत्र के अनुसार नए बोट बनाए जाएंगे जबकि पासपोर्ट वालों को अन्य किसी प्रपत्र की जरूरत नहीं पड़ेगी। बूथ नंबर 63 और 64 घोसीपुरा पर बीएलओ अकरम अली एवं रिजवान अहमद ने वोट बनाकर त्रुटियों को भी दूर कराया। एसडीएम संतदास पवार ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बूथों पर नए वोट बनवाने वालो में उत्साह भी देखा गया।

### मदरसा नईमिया मजीदिया अजहरी में दस्तार बंदी का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सलेमपुर स्थित मदरसा नईमिया मजीदिया अजहरी में इतवार को इस्लाहे मुशायरा व दस्तारबंदी का आयोजन किया गया जिसमें हाफिज ए कुरान की दस्तार बंदी की गई। कार्यक्रम में आए दर्जनों आलीमेदीन ने अपने-अपने बयानात में लोगों से दीन और ईमान के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। बरेली से आए अल्लामा मौलाना तत्तहीर आलम ने ईमान वालों से शादी में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने को कहा उन्होंने कहा कि शादा खाना सादा कपड़ा सादा मकान बनाना इंसा. नियत की पहचान है। उन्होंने कहा कि दिखावा करना अच्छी बात नहीं है अपने व्यवहार को अच्छा बनाना और जिंदगी को सादगी के साथ जीने की उन्होंने सीख दी। कुंदरकी से आए मशहूर यूट्यूब पहलवान हकीम अब्दुल्ला पठान ने जलसे की रौनक बढ़ाते हुए हाफिज ए कुरान करने वाले बच्चों को मुबारकबाद दी। मौलाना तत्तहीर आलम ने तोहफे देकर सम्मानित किया। मदरसे के उस्ताद हाफिज रफीक अहमद ने मेहमानों की मेहमानबाजी करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

अब्दुल्ला पठान ने नौजवानों से नशे से दूर रहने दीन दुनिया की इल्म हासिल करने मां-बाप की इज्जत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को फिट रखना जरूरी है बताया गया कि मदरसा नईमिया मजीदिया अजहरी सलेमपुर में हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रम में काफी लोग मौजूद रहे।

# स्वदेशी संकल्प दौड़: स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन





**मूढापांडे।** वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें कुंद. रकी विधानसभा के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में आयोजित दौड़ का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करना था। दौड़ आर्केडिया ग्रीन से प्रारंभ होकर रामपुर दोराहा होते हुए आर्केडिया ग्रीन पर सम्पन्न हुई। प्रदेश मंत्री भाजपा डॉ चंद्रमोहन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। दौड़ से पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा डॉ चंद्रमोहन ने ग्रीन आर्केडिया में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेक. ानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और स्वदेशी का संकल्प ही भारत को आत्मनिर्भर बनाने का एकमात्र मार्ग है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का मंत्र दिया। उनकी जयंती पर युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे विकसित भारत के सपने को साकार करने में निरंतर प्रयास करेंगे। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति दायित्व बोध को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे और सामा. जिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की और कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं। किसी भी राष्ट्र की युवा शक्ति ही उसका मेरुदंड होती है। इस अवसर पर क्षेत्र विचार विभाग प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच कुलदीप सिंह, राजेश रस्तोगी, निर्यातक राहुल सिंह , निर्यातक नदीम, नवदीप यादव, रामकिशोर लोधी, रविंद्रपाल सिंह, विक्की ठाकुर उर्फ ब्रजानंद , मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी, नीरज चंद्रा, संजय कश्यप जी, बबलू जाटव, अशोक प्रजापति, चकित चौधरी ,वालेचरण वाल्मीकि ,अशफाक मौलाना, सरवर अली, रोहित सिंह, जय सिंह, सोनू रस्तौगी सहित हजारों भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत गांव दियौरा खास के निकट शुक्रवार को ई-रिक्शा पलटने से घायल हुई महिला शांति देवी (68) पत्नी रामकुंवर निवासी बहोरनपुर की उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को दोपहर शांति देवी चंदौसी से अपनी दवा लेकर घर लौट रहीं थीं। बिचौटा चौराहे से ई-रिक्शा में बैठकर अपने गांव बहोरनपुर के लिए आते समय दियौरा खास के निकट ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया था जिससे गम्भीर रूप से घायल हुई महिला शांति देवी को उपचार हेतु एम्बुलेंस से चन्दौसी सीएचसी ले जाया गया। वहां से चिकित्सकों ने सम्भल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाम के समय जिला अस्पताल में शांति देवी की मौत हो गई। देर शाम परिजन महिला के शव घर को घर ले आए। महिला घर पर अकेली रह रही थी। बेटा पान सिंह पत्नी बच्चों के साथ चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी कार्य करता है। सूचना मिलने पर बेटा बहु के घर पहुंचने पर बिना कार्यवाही किए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर रही पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (एल0टी0 ग्रेड) परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद मुरादाबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए।इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया के द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की चे. कंग की गई तथा उन्हें परीक्षा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, अनुशासन बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

वहीं क्षेत्राधिकारी हाईवे, द्वारा भी प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (एल0टी0 ग्रेड) परीक्षा के दृष्टिगत थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और परीक्षा केन्द्रों के आसपास लगातार गश्त बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न



हो।जनपद मुरादाबाद पुलिस द्वारा परीक्षा केन्द्रों के बाहर भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने तथा अनुचित साधनों के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पुलिस प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना है, ताकि सभी अभ्यर्थी बिना किसी दबाव और व्यवधान के परीक्षा दे सकें।

# पंचायत भवन में उत्तरैणी कौथिग का हुआ भव्य आयोजन

**मुरादाबाद।** उत्तरांचल जनच. ेतना परिषद, मुरादाबाद की ओर से सिविल लाइंस स्थित जिगर मंच पंचायत भवन में उत्तरैणी कौथिग 2026 का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और लोककलाओं की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में शहरवासियों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, रहे। विशिष्ट अतिथियों में महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, हिंदू कॉलेज के प्राचार्य डा. सत्यव्रत सिंह रावत, पीसीआई सदस्य डा. संदीप बडोला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।उत्तरैणी कौथिग के अवसर पर उत्तराखंड के



लोकगायन, लोकनृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। आमंत्रित कलाकारों देवेन्द्र सिंविष्ट, पंडित केदार मुरारी, कैलाश कुमार एवं प्रतीक्षा बमरारा की प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों की मधुर धुन और नृत्य की लय ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को सजीव कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष ने की। आयोजन को सफल बनाने में महामंत्री हरीश बोरा, कार्यक्रम संयोजक कृपाल सिंह विष्ट, कोषाध्यक्ष गोविन्द शाही सहित परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

अंत में उत्तरांचल जनचेतना परिषद ने सभी अतिथियों, कलाक. ारों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

### लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर कोहरे के कारण सात वाहन भिड़े, तीन घायल



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर मनकरा मोड़ के पास को. हरे के कारण रविवार सुबह सात वाहन आपस में भिड़ गए ,जिसमें तीन लोग घायल हो गए है,कोहरे के कारण सुबह आठ बजे रामपुर की ओर से आ रहा ट्रक से पीछे चल रही उत्तराखंड डिपो बस टकरा गई इसके बाद एक बाद एक कंटेनर, वस्ती डिपो बस, एक अन्य निजी बस, सिप्ट डिजाइर कार भिड़ गई जिससे सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए है, हादसे में उत्तराखंड की डिपो बस में सवार दिल्ली के अनिल कुमार, नोयडा के मोहम्मद जवर, विहार के शाकिर घायल हो गए, सभी घायल सीएचसी मूंढापांडे में मरहम पट्टी कराने के बाद घर चले गए, सूचना पर पहुंचे हाईवे सीओ राजेश कुमार तथा थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर ट्रैफिक सुचारू कराया।

### देह व्यापार के लिए प्रेम जाल में फंसाने और धोखाधड़ी कर बलात्कार के आरोप में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** महिला को धोखाधड़ी कर प्रेम जाल में फंसा कर बलात्कार कर देह व्यापार में उतारने के आरोप की शिकायत मिलने पर एसएसपी के आदेश से पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है की ठाकुरद्वारा तहसील के थाना डिलारी क्षेत्र के जटपुरा निवासी मोहम्मद आजम पुत्र अकरम के साथ उसकी शादी पिछले साल थाना कांठ में ही हुई थी आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फसाया और शादी से इनकार कर दिया था शिकायत करने पर कार्रवाई से बचने के लिए उसने थाने में शादी की लेकिन इसके बाद उसका पति आजम जुबेदा नासिर और नन्हे तीनों मिलकर परेशान करने लगे और देह व्यापार कराने लगे मना करने पर तीनों लोगों ने उसके साथ मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी दी महिला ने उक्त लोगों पर उसके साथ आपत्तिजनक व्यवहार करने का भी आरोप लगाया और कहा कि तीनों ने उसे मारपीट कर बाद में घर से निकाल दिया और धमकाया कि किसी को यह बात बताई तो जान से मार देंगे पुलिस के पास पहुंची तो कोई सुनवाई नहीं हुई। अंत में पीड़िता ने एसएसपी से अपनी परेशानी बता कर न्याय की गुहार लगाई एसएसपी के आदेश से चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### वोटरों के लिए एसएम डिग्री कॉलेज में लगे बीएलओ स्टाल

**चन्दौसी।** नगर के एस.एम. डिग्री कॉलेज में रविवार को छूटे हुए मतदाताओं के लिए बीएलओ द्वारा विशेष स्टाल लगाए गए। जिन लोगों के वोटर फॉर्म पूर्व में नहीं भर पाए थे, उन्हें बीएलओ के माध्यम से सूचना देकर अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास पहुंचने के लिए कहा गया।

इसी क्रम में चन्दौसी नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों एवं स्थानों पर स्टाफ तैनात कर मतदाता पंजीकरण का कार्य कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग फॉर्म भरने पहुंचे। एस.एम. डिग्री कॉलेज में सौरभ शर्मा, विजय शर्मा, अजयपाल, जावेद, मुरलीधर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक शब्द की चूक पर मचा बवाल, प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव ने दी सफाई

## प्राचार्य ने कहा: मेरा उद्देश्य केवल कॉलेज में अनुशासन और गुणवत्ता बनाए रखना

**शाह टाइम्स संवाददद**

**चन्दौसी।** कहावत है कि 'सिर मुड़ाते ही ओले पड़ना', यह कहावत एस.एम. डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ0 दानवीर यादव के साथ पूरी तरह चरितार्थ होती नजर आई। काफी समय बाद प्राचार्य ने कॉलेज का चार्ज संभाला क्योंकि प्राचार्य एवं प्रबंध समिति के बीच विवाद चल रहा था। प्राचार्य ने मीडिया के सामने अपनी सफाई देते हुए कहा कि वे पिछले डेढ़ वर्ष से लगातार तनाव में हैं। लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है, वहीं दर्जनों मुकदमों के चलते वे मानसिक रूप से भी बेहद व्यथित रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि हाल ही में कुछ छात्र कॉलेज में ज्ञापन देने आए थे, जिनके साथ मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने छात्रों से कहा कि वे कॉलेज को पुन: नए आयामों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए दुष्कर से दुष्कर कार्य करने को भी तैयार हैं। बातचीत के दौरान अनजाने में उनकी वाणी से एक आपत्तिजनक शब्द का उच्चारण हो गया, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि यह शब्द किसी भी छात्र या नगरवासी के



लिए नहीं था, बल्कि उन बाहरी और अनजान लोगों के लिए था, जो बिना कारण कॉलेज परिसर में प्रवेश कर शैक्षिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न करते हैं। इसके बावजूद यदि किसी को उनके शब्दों से आघात पहुंचा हो, तो वे उसे वापस लेते हैं और इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य कॉलेज में एक उत्कृष्ट, अनुशासित और शैक्षिक वातावरण स्थापित करना है, जैसा उन्होंने पूर्व में भी करने का प्रयास किया था। प्राचार्य ने यह भी कहा कि वे सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग से कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे। प्राचार्य ने गर्व के साथ कहा कि इसी कॉलेज ने स्थानीय नागरिकों को आईएएस, पीसीएस, एमबीबीएस डॉक्टर, सर्जन, कवि, राज्यपाल, डीजीपी, इंजीनियर और चुनाव आयुक्त जैसी विभूतियां दी हैं, जिन्होंने कॉलेज की गरिमा को पूरे देश और विदेशों तक गौरवान्वित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से कॉलेज का भविष्य उज्ज्वल होगा।

## तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से युवक घायल

**चन्दौसी।** तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस के चालक ने चाय लेकर जा रहे 23 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान जितेन्द्र मौर्य निवासी भुलावई, थाना बनियाठेर के रूप में हुई है। मामला 15 जनवरी का है, दुर्घटना के बाद परिजन उसे तत्काल संयुक्त चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने हाथ और पैर में गंभीर चोटें होने के कारण उसे संभल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है।जितेन्द्र मौर्य की मां ने बताया कि उसके पति का कई वर्ष पूर्व निधन हो चुका है और परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। उनका एक अन्य बेटा विकलांग है, जो पूर्व में हुई सड़क दुर्घटना के कारण काम करने में असमर्थ हो गया है। ऐसे में जितेन्द्र ही घर चलाने के लिए चाय की दुकान पर काम कर परिवार का खर्च उठाता था। महिला का आरोप है कि रोडवेज बस संख्या यूपी 78 एलएन 1141 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके बेटे को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने बेटे का समुचित इलाज कराने में असमर्थ है। पीडिघ्ता ने बस चालक के खिलाफ थाना बनियाठेर में तहरीर दी है।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## वाहन चालकों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में कस्बा चन्दौसी में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा। अभियान के दौरान यातायात पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग तथा चारपहिया वाहन चाल. कों को सीट बेल्ट लगाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह दुर्घटना की स्थिति में जान बचाने में भी अत्यंत सहायक होता है। इसके साथ ही वाहन चालकों को सड़क के बाईं ओर चलने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ओवरटेक न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों से अवगत कराया गया। पुलिसकर्मियों ने समझाया कि मोबाइल का उपयोग वाहन चलाते समय ध्यान भटकाता है, जिससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जागरूकता अभियान के अंतर्गत आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, ताकि वे नियमों को पढ़कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महाराष्ट्र में खींचतान

बीएमसी के मेयर को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि जिस तरह के नतीजे वहां से आए, उससे यह लग रहा था कि मुंबई बीएमसी का मेयर भाजपा का होगा। उसका कारण भी था मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट न 29 वार्ड जीते हैं। इस तरह बहुमत का आंकड़ा 114 पर हो जाता है। भाजपा का अगर मेयर बनना है तो उसे शिंदे गुट के 29 वार्ड सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। चुनाव नतीजों के बाद शिंदे गुट ने जिस तरह के तेवर दिखाए हैं, उसने भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाबा साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। स्वाभाविक है, शिंदे का यह रुख भाजपा के लिए हैरत वाला है और दोनों गुटों में खींचतान भी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ उद्धव गुट के संजय राउत ने भी यह कहकर विवाद को और हवा दे दी कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वह पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरे नंबर पर आई है। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांदरा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। यहां यह बताना जरूरी है कि उद्धव ठाकरे के मराठी कार्ड खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या कम रह गई है। जाहिर है शिंदे गुट उद्धव गुट के दबाव के चलते मेयर पद का दांव चलता दिखाई दे रहा है। जाहिर है अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती तो सत्ता के समीकरण बदल सकते हैं। महाराष्ट्र की सियासत आगे चलकर क्या रुख लेती है यह तो आने वाले तीन दिन में पता चलेगा, क्योंकि शिंदे गुट के सभी पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। शिंदे वह व्यक्ति हैं, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग हो गए थे और उन्होंने अपनी अलग शिवसेना बना ली थी। वह 2022 में अपनी ही पार्टी में बगावत करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। सियासत में ऐसा यूं ही नहीं कहा जाता कि इस खेल में कब क्या हो जाए, कोई नहीं जान सकता और इस खेल में चीजें बहुत नाटकीय तेजी के साथ बदलती रहती हैं। ऐसा इस समय भी देखने में आ रहा है। बड़ी पार्टी के रूप में जिस तरह भाजपा ने मुंबई बीएमसी के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और 227 में से 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई, उससे लग रहा था कि वह आराम से अपना मेयर बना लेगी, लेकिन शिंदे गुट ने यह कहकर बड़ा दांव चल दिया कि 2026 शिवसेना संस्थापक ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। बात साफ है शिंदे गुट अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं और कहीं न कहीं उसे लगता है कि भाजपा उसके अस्तित्व के लिए संकट पैदा कर रही है।

## जेल में फर्श पर कंबल में सोते हैं वांगचुक



लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है, उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें, सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है, इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिएं, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए, यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए, जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। **–गीतांजलि आंगमो, पत्नी, सोनम वांगचुक**

# कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ अफवाह और दुष्प्रचार



**तनवीर जाफरी**



वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसत. रह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिए ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी जमीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफवाह व दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुकी है? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफवाहें बहुत बड़ी ताकत बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताकत कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिए उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां खूनी इबारत लिखी जा सकती है ?

निश्चित रूप से झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। खुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था। हिटलर का मानना था कि हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो। वह कहता था कि प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है और उसी का मत यह भी था कि झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है। खुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिए जब अमेरिका ने तत्कालीन इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई टग गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में खुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी खुफिया जानकारी गलत थी। इराक पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि श्वे भी निराश हैंश। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुखों ने इसे खुफिया विफलता यानी intelligence failure भी कहा परन्तु तब तक तो झूठ अफवाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक से तेल दोहन से लेकर इराक को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररिज्म, कोकीन आयात की साजिश , मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का कब्जा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साजिश जैसे आरोप लगाए हैं परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के फौरन बाद ट्रंप ने कहा कि अमे. रिका वेनेजुएला को संचालित करेगा, खासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती। ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के खराब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेजुएला के लोगों के फायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफवाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मकसद वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था?

इसी तरह पिछले दिनों ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया खासकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इजराइल फंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहां तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गए । अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इजराइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में व्यापक सहमति है। यह astroturfing कहा जाता है। इजराइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने खुद माना कि इजराइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं और बाद में मुआफी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं। रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व पश्चिमी दुष्प्रचार बताया, जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता खासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया गया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि झूठ अफवाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली और खतरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में नि:संदेह झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार काफी तेज और बहुत आगे चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

> ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचा. रित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे।

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए नई तैयारियां

**यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लट्ठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है।**



वैसे तो इस बात पर आम सहमति है कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना सर्वोत्तम तरीका है लेकिन कई लोग मानते हैं कि सिर्फ उत्सर्जन कम करने से बात नहीं बनेगी। कार्बन डाईऑक्साइड को वायुमंडल में से हटाकर भंडारित करना भी जरूरी होगा। इसी सिलसिले में कनाडा में 3775 साल पुराने संरक्षित लाल देवदार के लट्ठे की खोज ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के एक नए तरीके में रुचि उत्पन्न की है। लकड़ी की तिजोरियां (वुड वॉल्ट)। इस तकनीक में लकड़ी को इस तरह दफनाया जाता है कि वह सड़कर वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड न छोड़े। गौरतलब है कि कार्बन डाईऑक्साइड ग्लोबल वार्मिंग में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है। जेंग और उनके सहयोगियों का अनुमान है कि दुनिया भर में एक-दो बार इस्तेमाल की जा चुकी लकड़ी के 4.5 प्रतिशत बायोमास को इस तरह दफनाने से वायुमंडल से सालाना 10 गीगाटन तक कार्बन डाईऑक्साइड को हटाया जा सकता है।

अलबत्ता, इस उपाय की प्रभाविता पर कुछ विशेषज्ञों को चिंता है। इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दबी हुई लकड़ी में कार्बन सदियों तक कैद रहता है या नहीं। अब तक, समुद्री मिट्टी के नीचे क्यूबेक लॉग का संरक्षण वैज्ञानिकों को उम्मीद देता है कि इसी तरह के परिणाम बड़े पैमाने पर प्राप्त किए जा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या अन्य किस्म की मिट्टियां भी ऐसी सुरक्षात्मक परिस्थितियां प्रदान कर सकती हैं। एक चिंता यह है कि कहीं यह तकनीक जंगलों को काटने की प्रेरणा न बन जाए, क्योंकि वह जैव विविधता के लिए खतरे की घंटी होगी। एक और चुनौती पेड़ों को दफनाने की व्यावहारिकता और अर्थशास्त्र है। लकड़ी का उपयोग निर्माण कार्य, कागज और फर्नीचर बनाने में किया जाता है और इसे दफनाने से वनों की कटाई और जैव विविधता के नुकसान सम्बंधित चिंताएं बढ़ सकती हैं। हालांकि, जेंग का सुझाव है कि इन जोखिमों से बचने के लिए केवल बेकार लकड़ी को दफनाया जा सकता है। जेंग के अनुसार बेकार लकड़ी के ढेर आग का खतरा भी बन सकते हैं, इसलिए उन्हें दफनाने से कई लाभ मिलेंगे। अभी के लिए, काष्ठ तिजोरियां जलवायु परिवर्तन के खिलाफ व्यापक लड़ाई में एक आशाजनक रणनीति दिख रही है। यद्यपि पर्यावरण सम्बंधी चिताओं के मद्देनजर इस पर और शोध की आवश्यकता है। **–स्रोत फीचर्स**


# योग और स्वस्थ जीवनशैली के लाभ



**विनीत नारायण**

भारत की प्राचीन सभ्यता में योग को जीवन का आधार माना गया है। आज की तेज-रफ्तार और तनावपूर्ण दुनिया में, जहां जीवनशैली संबंधी बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और मानसिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, योग एक प्राचीन लेकिन अत्यंत प्रासंगिक समाधान के रूप में उभर रहा है। भारत की यह अमूल्य धरोहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है, बल्कि मन की शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करती है। बीते वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' ने इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया है, क्योंकि योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य से लेकर पर्यावरणीय संतुलन तक सब कुछ जोड़ता है। आज का विषय योग को दैनिक जीवन में अपनाने के व्यावहारिक लाभों पर केंद्रित है, ताकि हम एक स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जी सकें।

योग का अर्थ है 'जोड़ना' या 'मिलन'। यह शरीर, मन और आत्मा का मिलन है। महर्षि पतंजलि के योग सूत्रों में योग को 'चित्त वृत्ति निरोध:' कहा गया है, अर्थात मन की वृत्तियों का निरोध, लेकिन योग सिर्फ ध्यान या समाधि तक सीमित नहींय यह हठ योग, राज योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे विभिन्न रूपों में जीवन को संतुलित करता है। आज के संदर्भ में, हठ योग के आसन और प्राणायाम सबसे अधिक प्रचलित हैं, क्योंकि यह व्यावहारिक और तुरंत लाभ देने वाले हैं। शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग के लाभ अनेक हैं। नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला, मजबूत और संतुलित होता है। सूर्य नमस्कार जैसे गतिशील आसन पूरे शरीर की मांसपेशियों को सक्रिय करते हैं, रक्त संचार बढ़ाते हैं और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) को तेज करते हैं। इससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है। कई अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि योग से मोटापा कम होता है, खासकर पेट की चर्बी। धनुरासन, भुजंगासन और नौकासन जैसे आसन पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत देते हैं। महिलाओं के लिए योग मासिक धर्म चक्र को नियमित करता है, प्रसव के बाद रिकवरी में सहायक होता है और हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी वृद्धावस्था की बीमारियों से बचाव होता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए योग एक वरदान है। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम करते हैं और हृदय की धड़कन को संतुलित रखते हैं। भारत में हृदय रोग मौत का प्रमुख कारण है, और योग जैसे प्राकृतिक तरीके से इसे रोका जा सकता है। योग इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कोविड महामारी के बाद यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मानसिक स्वास्थ्य योग का सबसे बड़ा योगदान है। आज की युवा पीढ़ी चिंता, अवसाद और तनाव से ग्रस्त है। योग में ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं। विपश्यना या उपदकनिसदमे ध्यान से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल कम होता है, नींद बेहतर आती है और एकाग्रता बढ़ती है। छात्रों के लिए यह परीक्षा तनाव कम करने का बेहतरीन माध्यम है। कार्यरत लोगों



के लिए योग वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखता है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग से आत्मविश्वास बढ़ता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता की कुंजी है। योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाना चाहिए। योग सिर्फ आसन नहीं, बल्कि आहार, नींद और दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। आयुर्वेद के अनुसार, सात्विक भोजन . फल, सब्जियां, दालें, अनाज और दूध-योग के लाभों को बढ़ाता है। जंक फूड, ज्यादा तेल-मसाले और रात में भारी भोजन से दूर रहना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, सूर्योदय के साथ योग करना और रात को 7-8 घंटे की नींद लेना आदर्श है। डिजिटल डिटॉक्स भी योग का हिस्सा बन सकता है, स्क्रीन टाइम कम करके ध्यान बढ़ाना।

योग नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और संतुलन सुधारता है, जिससे गिरने का खतरा कम होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से सिद्ध है कि यह तनाव कम करता है, कोर्टिसोल स्तर घटाता है और चिंता को 40: तक कम कर सकता है। हृदय स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर नींद, आत्मसम्मान में वृद्धि और समग्र जीवन गुणवत्ता में वृद्धि जैसे लाभ भी प्रमाणित हैं। योग कैंसर रोगियों में थकान कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, जिससे दैनिक जीवन अधिक संतु. लित और ऊर्जावान बनता है। समाजिक स्तर पर योग समुदाय को जोड़ता है। गांवों में योग शिविर, शहरों में पार्कों में सामूहिक सत्र और स्कूलों में योग शिक्षा से लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। महिलाओं के लिए यह सशक्तिकरण का साधन है . घरेलू कामों के साथ स्वास्थ्य बनाए रखना। बुजुर्गों के लिए योग गतिशीलता बनाए रखता है और अकेलेपन को कम करता है। पर्यावरणीय दृष्टि से, योग हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य जुड़े हुए हैं। कम खपत, अधिक जागरूकता और संतुलित जीवन से हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। आर्थिक रूप से भी योग फायदेमंद है। अस्पतालों के खर्च कम होते हैं, दवाओं पर निर्भरता घटती है। एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक उत्पादक होता है, जिससे परिवार और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। भारत में योग पर्यटन बढ़ रहा है . ऋषिकेश, हरिद्वार जैसे स्थान विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, जिससे रोजगार भी बढ़ता है। योग अपनाना आसान है। शुरुआत में 15-20 मिनट रोज काफी हैं। घर पर ऑनलाइन वीडियो या ऐप्स से सीख सकते हैं। वहीं सरकारी योजनाएं जैसे आयुष मंत्रालय के योग कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शिविर मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण है निरंतरता। योग कोई जादू नहीं, बल्कि अभ्यास है। योग को धीरे-धीरे बढ़ाएं, शरीर की सुनें और धैर्य रखें। याद रहे कि योग हमें सिखाता है कि सच्चा स्वास्थ्य बाहर नहीं, भीतर है। जब हम योग अपनाते हैं, तो न केवल हम स्वस्थ होते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण भी लाभान्वित होता है। इसलिए कोशिश करें कि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



राजकोट। ठंडी और धुंध भरी सुबह में अलावा के पास बैठकर खुद को गर्म करते लोग।

## कनाडा में परिवहन विभाग ने फोर्ड की 300000 गाड़ियों को वापस मंगाया

**ओटावा।** कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300000 से ज्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। सीटीवी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोर्ड मालिकों को मेल से सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

# ट्रम्प के बयानों के बाद ग्रीनलैंड, डेनमार्क में हुए विरोध प्रदर्शन

## प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे

**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के 'सिटी हॉल स्क्वायर' पर शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:30 बजे) भारी भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला।

इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे। इस बीच ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में भी दोपहर से ही लोग जुटना शुरू हो गए और 'ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड' के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक निल्सन भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक इनुइट गीत गाए और कई लोग 'मेक अमेरिका गो अवे' (अमेरिका को वापस भेजो) लिखी हुई टोपियां पहने नजर आए। प्रदर्शनों के बीच





■ ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिका एक फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से आने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि ग्रीनलैंड की खरीद को लेकर कोई समझौता नहीं होता है, तो एक जून से इस शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य के भीतर एक स्वशासी क्षेत्र है, जिसकी रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क सरकार के नियंत्रण में है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस द्वीप को 'खरीदने' की इच्छा जताई थी, लेकिन अब वे इसे हासिल करने के लिए 'अमेरिकी सेना के उपयोग' सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को वाशिंगटन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, जिसमें ग्रीनलैंड के भविष्य को लेकर 'मौलिक असहमति' बनी रही। इस बीच, ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों ने इसे 'ब्लैकमेल' और 'अस्वीकार्य' करार देते हुए एकजुट होकर जवाब देने की चेतावनी दी है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने इस धमकी पर हैरानी जताते हुए कहा कि वे यूरोपीय आयोग के संपर्क में हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट किया कि सहयोगियों के बीच विवादों का समाधान दबाव के बजाय बातचीत से होना चाहिए। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इसे सीधे तौर पर 'ब्लैकमेल' बताते हुए कहा कि स्वीडन ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ट्रम्प के कदम की आलोचना की है। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय देश इस पर समन्वित प्रतिक्रिया देंगे, जबकि स्टार्मर ने ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला डेनमार्क और वहां के लोगों द्वारा किए जाने की वकालत की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने चेतावनी दी कि ऐसे कदम से 'ट्रांस-अटलांटिक' संबंधों में गिरावट आएगी।

# ट्रम्प ने 8 यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध कर रहे थे यूरोपीय देश, कहा: नहीं माने, तो जून से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने पोस्ट में 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही है और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

ट्रम्प ने लिखा: हमने कई वर्षों तक डेनमार्क, यूरोपीय यूनियन के सभी देशों और कुछ और देशों को सब्सिडी दी है। हमने उनसे टैरिफ या किसी भी तरह का कोई टैक्स नहीं लिया। अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क बदले में कुछ लौटाए क्योंकि अब विश्व शांति दांव पर है। ट्रम्प ने कहा कि चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं और डेनमार्क इसे चाहे भी तो नहीं रोक सकता।



■ डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी यूनाइटेड किंगडम नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे
■ चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं: ट्रम्प

फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डाग स्लेज (कुत्तों के खींचने वाली गाड़ी) हैं। इस खेल में सिर्फ अमेरिका ही कामयाब तरीके से दखल दे सकता है। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका पिछले 150 सालों से ग्रीनलैंड खरीदने की कोशिश कर रहा है और कई राष्ट्रपतियों ने इसके प्रयास किए, लेकिन डेनमार्क ने हर बार इनकार किया। फिलहाल इस टैरिफ पर यूरोपीय देशों की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं।

## ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक

**ब्रुसेल्स।** ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है। ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था। हालांकि ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के रुख और और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को 'पूरी तरह' से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के 'रणनीतिक स्थान और खनिज संसाधनों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण' बताते हुए चेतावनी दी कि एक फरवरी 2026 से उपर्युक्त सभी देशों द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा कि हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

## उत्तरी सीरिया में अंतरिम सरकार एसडीएफ के बीच फिर शुरू हई झड़प

■ समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था

**दमिश्क।** सीरिया के उत्तर-पश्चिम में मौजूद अलेप्पो और रक्का में सीरिया के अंतरिम प्रशासन और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) के बीच सैन्य तनाव अचानक बढ़ गया है। एक दिन पहले घोषित वापसी समझौते के बावजूद दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें शुरू हो गई हैं। दिन की शुरुआत पूर्वी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में फिर से शुरू हुई लड़ाई के साथ हुई। एसडीएफ ने सीरियाई सेना पर आरोप लगाया कि वह 48 घंटे की वापसी अवधि समाप्त होने से पहले ही देर हाफ़र और मस्कानह शहरों में दाखिल हो गई।

दूसरी ओर, सीरियाई सेना ने कहा कि उसने समझौते के उल्लंघन और अपने दो सैनिकों की हत्या के बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए तैनाती की है। जैसे-जैसे टकराव बढ़ा, सीरियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी अलेप्पो से आगे रक्का प्रांत की ओर बढ़ने की घोषणा की और फुरात नदी के पश्चिम के सभी क्षेत्रों को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित कर दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना ने तबका के पास सफ़यान और अल-सौरा तेल क्षेत्रों सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और सैन्य हवाई अड्डे की घेराबंदी शुरू कर दी है। एसडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया कि रक्का प्रांत वापसी समझौते के दायरे में था। उनका कहना है कि समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था। एसडीएफ ने रक्का में पूर्ण कर्फ्यू लागू कर दिया है और चेतावनी दी है कि इस तनाव से इस्लामिक स्टेट के कैदियों वाली जेलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। तनाव शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही एसडीएफ कमांडर मजलूम आब्दी ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों की अपील पर उनकी सेनाएं शनिवार सुबह से फुरात के पूर्व से हटने लगेंगी। एसडीएफ और सीरियाई अंतरिम अधिकारियों दोनों का समर्थन करने वाले अमेरिका ने दोनों पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया है। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सीरियाई सरकारी बलों से अलेप्पो और तबका के बीच आक्रामक अभियान रोकने का आग्रह किया है।

## इंडोनेशिया में 11 लोगो को ले जा रहा विमान लापता

■ पहाड़ी इलाके में रडार से गायब, सर्च ऑपरेशन जारी, सरकार से जुड़े लोग सवार थे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान शनिवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कान्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्राप एटीआर 42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी के मुताबिक, विमान दोपहर 1:17 बजे (05:17 जीएमटी) मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया। सारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट ठीक करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। इसके बाद कंट्रोल टावर ने इमरजेंसी डिस्टेस फेज घोषित किया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। विमान जिस इलाके में लापता हुआ, वह पहाड़ी और घने जंगलों वाला क्षेत्र है। यहां पहुंचना रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी चुनौती है। सर्च ऑपरेशन के लिए एयरफोर्स के हेलिकाप्टर, ड्रोन और ग्राउंड यूनिट्स को लगाया गया है। दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल बांगुन नवोको ने इसकी पुष्टि की। इस बीच माउंट बुलुसराउंग इलाके में ट्रैकिंग कर रहे कुछ हाइकर्स ने पहाड़ पर बिखरा मलबा, विमान जैसा लोगो और आग जलने की सूचना दी है।

## मर्कोसुर, यूरोपीय संघ ने किए मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन।** दक्षिणी साझा बाजार (मर्कोसुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मर्कोसुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है। अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मर्कोसुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है।

## ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड से नाराज इजरायल

### कहा: बिना बातचीत टीम बनाई, यह नीति के खिलाफ, शांति बोर्ड में भारतवंशी अजय बंगा भी शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फार द एडमिनिस्ट्रेशन आफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया है। राष्ट्रपति खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा है कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत के की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की। इस बोर्ड में 7 लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं। बंगा फिलहाल वर्ल्ड बैंक ग्रुप के अध्यक्ष हैं। बोर्ड के दूसरे सदस्यों में मार्को रुबियो (विदेश मंत्री),

■ व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की, इस बोर्ड में सात लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं

स्टीव विटकाफ (विशेष राजदूत) समेत कई लीडर शामिल हैं। पीस बोर्ड के अलावा, हाई रिप्रेजेंटेटिव और एनसीएजी की मदद के लिए गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया जा रहा है। इसके शुरुआती सदस्यों में स्टीव विटकाफ, जेरेड कुश्नर, तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान, अली अल-थावादी, जनरल हसन राशाद, टोनी ब्लेयर, मार्क रोवन, यूएई की मंत्री रीम अल-हाशिमी, बल्गेरियाई राजनेता निकोलाय म्लाडेनोव शामिल हैं। निकोलाई म्लाडेनोव एग्जीक्यूटिव बोर्ड के प्रतिनिधि होंगे। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। इजरायल का मुख्य विरोध तुर्की जैसे देशों की भूमिका से है। यह हमास के समर्थक माने जाते हैं और इजरायल के साथ इनका संबंध तनाव पूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने नेतन्याहू के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि गाजा को 'कार्यकारी बोर्ड' की जरूरत नहीं, बल्कि हमास को पूरी तरह खत्म करने और बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक पलायन की जरूरत है। ट्रम्प अक्टूबर 2025 में इजरायल पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने नेतन्याहू से मुलाकात की थी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड का हर सदस्य गाजा की स्थिरता और लंबे समय की सफलता से जुड़े एक तय पोर्टफोलियो की जिम्मेदारी संभालेगा।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने हमे धोखा दिया: ईरानी प्रदर्शनकारी

### कहा: सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त समर्थन नहीं किया, हिंसा में अब तक 5000 लोगों की मौत का दावा

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा कि ट्रम्प ने हमे धोखा दिया और बेवकूफ बनाया।

जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए। एक ईरानी ने कहा, ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किया, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया।



■ सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुई जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे

ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुई, जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे। ईरान में सरकार के खिलाफ 28 दिसम्बर को प्रदर्शन शुरू हुआ था। ईरान में फैशन की पढ़ाई कर रही 23 साल की एक कॉलेज की छात्रा को ईरानी सुरक्षा बलों ने 8 जनवरी को गोली मार दी थी। घटना की जानकारी अब सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षाबलों की गोली सीधे सिर के पीछे लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। रूबिना की मौत के एक सप्ताह बाद भी परिवार ने रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। सुरक्षा बलों से बचने के लिए उसके शव को चोरी से सड़क के किनारे गड्ढे में ही दफना दिया। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये माना कि पिछले 28 दिसम्बर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। उन्होंने इन मौतों के लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। ट्रम्प ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। वहां नए नेतृत्व की तलाश करने का समय आ गया है। 23 साल की रूबिना अमिनियन ईरान के एक कॉलेज में फैशन की पढ़ाई कर रही थीं। रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षा बलों ने सिर में गोली मारी थी। घटना के समय रूबिना की मां करमनशाह शहर में थीं, जो तेहरान से लगभग 460 किलोमीटर दूर है। रूबिना की मां को उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उन्हें गोली लग गई है। वे सब 8 जनवरी को कॉलेज से घर लौट रहे थे, तभी प्रदर्शन दिखाई दिया और वे उसमें शामिल हो गए। ईरानी एजेंट राइफल और शाटगन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रहे थे।



